

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 238 | ग्वालियर शुक्रवार 4 सितम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


### मिशन कर्मयोगी को मंत्रिमंडल की मंजूरी

## मिशन कर्मयोगी लाएगा मानव संसाधन प्रबंधन कार्य प्रणाली में मौलिक सुधार : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संस्थागत ढांचे के साथ राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता विकास कार्यक्रम को शुरू करने को मंजूरी दे दी है. राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता विकास कार्यक्रम को सिविल सेवकों के लिए क्षमता विकास के लिए आधारशिला रखने हेतु बनाया गया है, ताकि वे भारतीय संस्कृति और संवेदनाओं से सराबोर रहें और विश्व भर की श्रेष्ठ पद्धतियों से सीखते हुए अपनी जड़ों से जुड़े रहें. इस कार्यक्रम को एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण-आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफार्म की स्थापना करके कार्यान्वित किया जाएगा. मिशन कर्मयोगी को



मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि सिविल सर्विस क्षमता निर्माण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम-मिशन कर्मयोगी सरकार में मानव संसाधन प्रबंधन कार्य प्रणाली में मौलिक सुधार करेगा. यह सरकारी कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने के लिए पैमाने और आधुनिक बुनियादी ढांचे का उपयोग करेगा. प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर कहा कि आईजीओटी प्लेटफार्म कार्य आधारित मानव संसाधन प्रबंधन और निरंतर ज्ञान के लिए परिवर्तन सक्षम करेगा. मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य पारदर्शिता और प्रौद्योगिकी के माध्यम से भविष्य के लिए सरकारी कर्मचारियों को अधिक सृजनात्मक, रचनात्मक और नवोन्मेषी बनाना है.

### अब तक 103 करोड़ दान कर चुके हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

पीएम केअर्स फंड इन दिनों खासी चर्चा में है। पीएम केअर्स फंड के बारे में सार्वजनिक की गई जानकारी के मुताबिक इस फंड के गठन के बाद पहले पांच दिन में ही इसमें 3,076 करोड़ रुपये जमा हो गये थे। अब इस बारे में एक और जानकारी मिली है कि पीएम मोदी ने पीएम केअर्स बनने के बाद सबसे पहले 2.25 लाख रुपये का अंशदान किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक कार्यों के लिए अब तक 103 करोड़ रुपये दान कर चुके हैं। जिसमें बालिका शिक्षा से लेकर गंगा की सफाई और कोरोना से लड़ाई के लिए बने पीएम केयर्स फंड भी शामिल है। जानकारी के अनुसार, दान की गई रकम पीएम मोदी ने अपनी बचत और उन्हें मिले उपहारों की नीलामी से इकट्ठा की थी। प्रधानमंत्री ने हाल ही में पीएम केयर्स फंड के लिए 2.25 लाख रुपये दान किया है। कोरोना महामारी से लड़ने के लिए जब पीएम केयर्स की स्थापना की गई थी, तब पीएम मोदी ने शुरुआती फंड के तहत 2.25 लाख रुपये का योगदान दिया था। मार्च में स्थापित किए गए इस फंड के गठन के सिर्फ पांच दिनों में ही इसमें 3,076.62 करोड़ रुपये जमा हो गए थे।

## बैंक 5 सितंबर तक लागू करें रिजॉल्युशन प्लानः वित्तमंत्री

**नई दिल्ली.** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को सभी बैंकों और एनबीएफसी को कहा कि वो 5 सितंबर तक रिजॉल्युशन प्लान लागू कर दें. कोविड-19 संकट के बीच बिजनेस को रिवाइव करने के लिए इस स्कीम को लागू किया जा रहा है.वित्त मंत्री ने इन बैंकों को निर्देश दिया है कि वो रिजॉल्युशन प्लान को 15 सितंबर तक रोल आउट कर दें. उन्होंने बैंकों को यह भी कहा कि लोन रिपेमेंट पर मोरेटोरियम खत्म होने के बाद भी जरूरत पडने् पर उधार लेने वालों को सपोर्ट करें. महामारी के बीच इससे बैंकों के क्रेडिट एसेसमेंट पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा. वित्त मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि बैंकर्स से बातचीत के दौरान वित्त मंत्री ने रिजॉल्युशन के लिए बोर्ड अप्रूवल पॉलिसी पर विशेष ध्यान दिया. योग्य बॉरोवर्स की पहचान कर उन्हें मदद पहुंचाने पर भी उन्होंने जोर दिया. मौजूदा स्थिति में बिजनेस के लिए बेहतर होगा कि जल्द से जल्द रिजॉल्युशन प्लान को लागू किया जाए. देश के प्रमुख बैंकों और गैर-बैंकिंग संस्थानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वित्त मंत्री ने आज वन-टाइम रिस्ट्रक्चरिंग को लागू करने के बारे में बातचीत कीं.



## मप्र की जनता के साथ कांग्रेस ने किया छल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में 15 साल बाद 2018 में सत्ता में आई कांग्रेस अपने ही नेताओं के बगावती तेवर के कारण 2 साल के भीतर ही विपक्ष में बैठ गई. भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुये कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के आमजन के साथ छल किया. ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक वीडियो शेयर करते हुए ट्विटर पर लिखा कि मध्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने आमजन के साथ-साथ हमारे अन्नदाताओं के साथ भी छल और धोखा किया था. कांग्रेस की सरकार ने जनता और हमारे अन्नदाताओं के साथ धोखे की कीमत चुकाई है. भाजपा नेता सिंधिया ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर कई आरोप लगाए हैं. खासकर उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को घेरने की कोशिश की है. वीडियो में सिंधिया कह रहे हैं कि कांग्रेस ने चुनाव से पहले जितने भी वादे किसानों व आम जनता से किए थे, उनको पूरा नहीं किया. जनता के साथ कांग्रेस सरकार ने धोखा किया, जिसके कीमत उन्होंने चुकाई है.



### घटिया चावल बांटने का मामलाः रिपोर्ट में कहा गया था- वो चावल जानवरों के खाने लायक थे, मामला उजागर होने के बाद एक्शन में आई सरकार

## शिवराज सरकार ईओडब्ल्यू से कराएगी जांच

**भोपाल।** बालाघाट में गरीबों को घटिया चावल बांटने के मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) करेगी। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ बैठक में मामले की जांच के आदेश दे दिए। वहीं बालाघाट में राइस मिलर्स से चावल जमा कराने पर रोक लगाई गई है। कलेक्टर दीपक आर्य ने इस मामले में 18 राइस मिलर्स संचालकों वेयर हाउस कारपोरेशन एवं नागरिक आपूर्ति निगम के 9 कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर कराई है। वहीं 8 राइस मिलों को सील कर दिया गया है। असल में, एक महीने पहले बालाघाट में खाद्य विभाग के उपायुक्त भारत सरकार विश्वजीत हलधर ने 30 जुलाई से 02 अगस्त तक बालाघाट जिले के गोदामों एवं उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण किया था। इसमें बालाघाट जिले के गोदामों में अमानक स्तर का चावल पाया गया है, जो कि मनुष्य के खाने योग्य नहीं था। खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम के तहत निम्न श्रेणी का



पाया गया है। घटिया चावल बांटने का मामला उजागर होने के बाद पीएमओ ने सरकार से मामले की पूरी जानकारी मांगी थी। लॉकडाउन के दौरान केंद्र सरकार ने राज्यों से गरीबों को राशन वितरण करने के आदेश दिए थे। इसी को लेकर प्रदेश के मंडला और बालाघाट समेत सभी जिलों के गरीबों को चावल बांटे गए थे। मंडला और बालाघाट में हितग्राहियों ने घटिया चावल मिलने की शिकायत की थी। जिस पर केंद्र सरकार की जांच एजेंसी ने चावलों की गुणवत्ता की जांच की थी। जांच में पाया गया कि जो चावल गरीबों में बांटे गए थे वो जानवरों के खिलाने लायक थे। घटिया चावल परोसने का मुद्दा उजागर होने के बाद जमकर सियासत हुई। इसके बाद जागी सरकार ने दोनों जिले में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की। वहीं पूरे प्रदेश में चावलों की जांच के लिए एफसीआई के साथ टीम गठित की थी। टीम ने रात में ही बालाघाट में कार्यवाही करके 8 मिलों को सील कर दिया। जबकि 10 राइस मिलों के खिलाफ उसकी जांच चल रही है। कलेक्टर ने मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, बालाघाट के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिया है कि वे अमानक स्तर का चावल प्रदान करने वाली 18 राइस मिलों का बिजली कनेक्शन तत्काल काट दें। घोटाला सामने आने के बाद विपक्ष शिवराज सरकार पर हमलावर हो गया था। इस मुद्दे पर दो दिन से सियासत चल रही है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सरकार पर सवाल उठाए थे और दोषी अधिकारियों के सख्त सजा देने की मांग की थी। कांग्रेस के नेता भूपेंद्र गुप्ता ने शिवराज सरकार को क्रूर तक कह दिया था। जबकि घटिया चावल परोसने का मामला के उजागर होने के बाद भी इसकी जानकारी खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री बिसाहूलाल साहू को नहीं थी।

## चीन से तनाव के बीच लद्दाख पहुंचे सेना प्रमुख नरवणे

**नई दिल्ली ।** सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे लेह की स्थिति का जायजा लेने के लिए लद्दाख के दौरे पर हैं। चीन के साथ बढ़े सीमा तनाव के बीच लद्दाख पहुंचे सेना प्रमुख फील्ड कमांडरों के साथ तैनाती और तैयारियों की समीक्षा करेंगे एलएसी पर रणीतिक ढांचागत परियोजनाओं का भी करेंगे रिव्यू। अपने इस दो दिवसीय दौरे के दौरान सेना प्रमुख सैनिकों की ऑपरेशनल तैयारियों का भी मुआयना करेंगे। भारत और चीन के बीच बुधवार को हुई सैन्य वार्ता में कोई समाधान नहीं निकल सका है। सूत्रों ने कहा कि दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच बातचीत जारी रहेगी। चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी पीएलए के सैनिकों कीओर से भारतीय क्षेत्र में हालिया घुसपैठ के प्रयासों के बाद दोनों देशों के बीच तनाव और भी बढ़ गया है, जिसे खत्म करने के लिए सैन्य वार्ता की जा रही है। पूर्वी लद्दाख में पैंगॉन्ग त्सो झील में यथास्थिति को बदलने के प्रयास में चीन द्वारा भड़काऊ सैन्य हरकतों के बाद, दोनों देश पिछले तीन दिनों से बातचीत में लगे हुए हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा दोनों देशों के ब्रिगेड कमांडर स्तर के अधिकारियों ने चुशुल में मुलाकात की बता दें, 31 अगस्त को चीनी सैनिकों ने उकसावे वाली कार्रवाई की थी, क्योंकि भारतीय सैनिकों ने इससे पहले पीएलए द्वारा जमीन पर कब्जा जमाने वाले मंसूबों को विफल करने के लिए वहां के ऊंचाई वाले क्षेत्रों पर पहुंच स्थापित कर ली थी।



## नोटबंदी पर राहुल गांधी का सवाल क्या कालाधन मिटा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लगातार अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर मोदी सरकार पर वार कर रहे हैं। गुरुवार को अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर उन्होंने अपनी वीडियो सीरीज का दूसरा हिस्सा जारी किया। वीडियो शेयर करते हुए लिखा, मोदी जी का 'कैश-मुक्त' भारत दरअसल 'मजदूर-किसान-छोटा व्यापारी' मुक्त भारत है। जो पांसा 8 नवंबर 2016 को फेंका गया था, उसका एक भयानक नतीजा 31 अगस्त 2020 को सामने आया। जीडीपी में गिरावट के अलावा नोटबंदी ने देश की असंगठित अर्थव्यवस्था को कैसे तोड़ा ये जानने के लिए मेरा वीडियो देखिए। अपने वीडियो में राहुल गांधी ने कहा, नोटबंदी देश के गरीब, किसान, मजदूर और छोटे दुकानदार पर हमला है। नोटबंदी ने देश की असंगठित अर्थव्यवस्था है। 8 नवंबर 2016 को रात 8 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी का ऐलान किया। 500 और 1000 का नोट खत्म हो गया।



### कुलभूषण जाधव मामले में

## पाक हाईकोर्ट ने भारत को दिया वकील नियुक्त करने का दूसरा मौका

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने आज इमरान सरकार को कुलभूषण जाधव के केस में झटका दे दिया है. गुरुवार को जारी आदेश में कोर्ट ने कहा कि जाधव के लिए वकील नियुक्त करने का एक और मौका भारत को मिलना चाहिए. पाकिस्तान अभी तक इस केस को लेकर कई बार इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस के निर्देशों का पालन करने की दुहाई दे चुका है लेकिन उसके सभी दावे खोखले साबित हुए हैं. हाई कोर्ट ने केस की सुनवाई भी एक महीने के लिए टाल दी है. रिटायर्ड नौसैनिक अधिकारी जाधव पाकिस्तान की जेल में जासूसी के आरोप में बंद हैं और मौत की सजा के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दाखिल करने के लिए वकील की नियुक्त के मामले पर सुनवाई चल रही है. अटार्नी जनरल खालिद जावेद खान ने कोर्ट से कहा कि आईसीजे के आदेशों का पालन करते हुए पाकिस्तान ने भारत को राजनयिक पहुंच दी. उन्होंने कोर्ट से यह भी कहा कि भारत ने वकील नियुक्त करने की पाकिस्तान की पेशकश का जवाब नहीं दिया है. कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद पाक सरकार को आदेश दिया कि जाधव के मामले पर भारत को उसका ऑर्डर भेजा जाए और 3 अक्टूबर तक के लिए केस की सुनवाई स्थगित कर दी. पाकिस्तान जाधव के केस में पुनर्विचार याचिका के लिए इजाजत देने को आईसीजे के आदेश पर खास कानून लेकर आया है. भारत ने पाकिस्तान कोर्ट के उस फैसले के खिलाफ आईसीजे में अपील की थी जिसमें जाधव को मौत की सजा सुनाई गई थी. साथ ही भारत को राजनयिक पहुंच न देने पर पाकिस्तान के खिलाफ अपील की थी.



## देश में संक्रमितों की कुल संख्या हुई 38 लाख के पार, 67,376 मौतें

### एक दिन में कोरोना के सर्वाधिक 83,883 नए मामले दर्ज

**नई दिल्ली ।** भारत में कोरोना के एक दिन में सर्वाधिक 83,883 नए मामले सामने आने के बाद गुरुवार को देश में संक्रमितों की कुल संख्या 38 लाख को पार कर गई। वहीं, अभी तक 29,70,492 मरीजों के ठीक होने से स्वस्थ होने वाले लोगों की दर 77 प्रतिशत के पार पहुंच गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार देश में कोविड-19 के मामले बढ़कर 38,53,406 हो गए हैं। वहीं, पिछले 24 घंटे मे 1,043 लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 67,376 हो गई। उसने बताया कि कोविड-19 के मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 77.09 प्रतिशत हो गई है और मृत्यु दर गिरकर 1.75 प्रतिशत हो गई। आंकड़ों के अनुसार देश में अभी 8,15,538 मरीजों का कोरोना वायरस का इलाज जारी है, जो कुल मामलों का 21.16 प्रतिशत है। देश में सात अगस्त को कोविड-19 के मामले 20 लाख के पार चले गए थे, जबकि 23 अगस्त को 30 लाख का आंकड़ा पार किया था। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार के अनुसार देश में दो सितम्बर तक कुल 4,55,09,380 नमूनों की कोविड-19 की जांच की गई, जिनमें से 11,72,179 नमूनों की जांच बुधवार को ही की गई।





ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्टर्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# समाज को आइना दिखाने का काम करती है मीडिया : नवागत एसडीएम राजीब समाधिया



**केशब पडित अम्बाह...**

अम्बाह...कोरोना जैसी महामारी बीमारी के प्रति जल्दी मुक्त होने व साबधानियाँ रखने के लिये आज नवागत एसडीएम राजीब समाधिया जी ने पत्रकारो से रूबरू होते हुऐ उन्होने कहा पत्रकारिता समाज व सरकार के बीच एक ऐसा दोहरा आइना माना जाता है जिसमे समाज और सरकार दौनो अपना अपना स्वरूप देखकर उसमें सुधार कर सकते है पत्रकारिता समाज में दवे कुचले बेजुबान लोगो की जुबान माना जाता है और अन्याय उत्पीडन के बिरूध आबाज बुलन्द करने का एक ससक्त माध्यम माना जाता गया है पत्रकारिता ब्यबसाय नही बल्कि एक पत्रकार और पत्रकारिता समाज और सरकार की तस्वीर प्रस्तुत करके बास्तबिकता से परिचय कराती है पत्रकारिता के हर छ्रैत्र मे पत्रकार की भूमिका निभाना दुस्भार होता है क्यो कि पत्रकार के हर छैत्र मे समाज द्रोही अराजकतत्व भ्रष्ट सभी पत्रकारो को अपना दुश्मन मानने लगे है और उन्होने कहा हम सभी समाज सेवी डाक्टर पत्रकार बन्धुओ का एक समूह बनायेगे जिसमे सकारात्मक व नकारात्मक शहर व ग्रामीण जनो समास्यो से हमे जानकारी समय समय पर मिलती रहै हम उनके निदानो का हर सम्भव प्रयास करेगे इसमे उपस्थित पत्रकार बन्धु मनोज पंडित, सुधीर आचार्य, अजय जैन, अरूण तोमर ,सुनील तोमर, राधा तोमर ,देवेश शर्मा ,आदि उपस्थित थे



# आधार कार्ड के नाम पर जनता से हो रही थी ठगी,सामान जप्त

## स्टिंग ऑपरेशन में पत्रकारों से मांगे 150-150 रुपए, मुख्य नप अधिकारी महेश पुरोहित ने पंचनामा बनाकर किया सामान जप्त

**(अर्पित गुप्ता)**

लहार शासन की नियमावली से हटकर इन दिनों भोली भाली जनता से पैसे लूटने का व्यापार बड़े ही तेजी से चल रहा है और भोली भाली जनता को आधार कार्ड के नाम पर धड़ल्ले से लूटा जा रहा है।दरअसल मामला भिंड जिले के लहार का है जहां पर नगर पालिका परिषद लहार में आधार कार्ड बनाये जा रहे थे और आधार कार्ड बनाने पर 150 से लेकर 400 रूपये तक कि बसूली लोगो से करते थे जब जाकर कहीं आधार कार्ड बन पाता था।फिर चाहे आपको नया आधार बनवाना हो या पुराने आधार कार्ड में सुधार कराना हो पैसे तो देने पड़ेंगे।यहां बता दें कि गुरुवार को लहार में आधार कार्ड बनाने वाले दो युवकों को पकड़ा है जो आधार कार्ड बनाने के नाम पर राशि बसूलते थे।जिनका शिकायत के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेश पुरोहित ने पंचनामा तैयार कर आधे आधार बनाने का सारा सामान जप्त कर लिया है। **कैसे हुआ पूरे मामले का खुलासाः** दरअसल सूत्रों की माने तो आधार कार्ड बनाने के नाम पर जनता से बसूली का कारोबार काफी लंबे समय से जारी था जिसका खुलासा आज स्टिंग ऑपरेशन में हुआ।प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायत पीड़ित हरीश अली काजी जब अपना आधार कार्ड बनवाने पहुंचे तो उनसे पैसो की मांग की गई जिसके बाद उन्होंने स्थानीय पत्रकार सूर्यपताप सिंह चौहान व अनूप सिंह को पैसे मांगे जाने की बात बताई।जिसके बाद दोनो स्थानीय पत्रकारों ने स्टिंग ऑपरेशन करते हुए अपने बच्चों के नाम से अलग अलग स्टिंग किये जिसमे दोनों से आधार कार्ड बनबाने के 150-150 रुपये मांगे गए।जिसके बाद पत्रकारों ने लहार मुख्य नप अधिकारी को पूरे मामले की जानकारी दी और उसके बाद नप अधिकारी ने मौके पर पहुँचकर आधार बनाने वालो का पूरा सामान पंचनामा बनाकर जप्त कर लिया है।जनता से आधार के आम और इतनी बड़ी ठगी अगर हिसाब लगाया जाए तो यह लोग एक दिन में हजारों रुपये की चपत शासन लगा रहे हैं।अब देखना यह है कि इन पर कार्यबाही भी होती है या फिर कुछ दिन बाद मामला यूं ही रफ दफा कर दिया जाएगा।



**इनका कहना**

पत्रकारों के द्वारा किये गए स्टिंग ऑपरेशन के बाद मैने आधार कार्ड बनाने वालों के सामान को जप्त कर लिया है।जल्द ही उनको नोटिस जारी करूँगा।

**महेश पुरोहित**
**मुख्य नप अधिकारी लहार**

# कमिश्नरेट पुलिस का जारी है अभियान



**ब्यूरो चीफ अमन राय**

आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस बिना रुके बिना थके अपने सामाजिक दायित्व हो या अपराधियों पर लगाम पुलिस पूरी तरह सक्रिय देखी जा रही है. ताजा मामला सामने आया है बर्दवान के रहने वाले स्वर्ण व्यवसाई सौम्या सरकार एक दिन अपने ससुराल बुदबुद थाना अंतर्गत इलाके से अपने घर लौट रहे थे तभी रास्ते में कुछ अज्ञात अपराधियों ने हमला कर हथियार के दम पर उनके पास से सोने गहने एवं कैश लेकर चंपत हो गए. पुलिस को जब इस बात की जानकारी मिली तो वह तुरंत इस घटना की जांच में जुट गई और देखते ही देखते पुलिस को मिली बड़ी सफलता. डीसीपी ईस्ट अभिषेक गुप्ता ने बताया 14 अगस्त बुदबुद थाना अंतर्गत एक स्वर्ण व्यवसाई को कुछ अज्ञात अपराधियों ने हथियार के दम पर गहने और कैश लेकर फरार हो गए थे. इन्हें पकड़ने के लिए लगातार पुलिस का अभियान जारी था. आखिरकार हम लोगों को सफलता मिली है जिसमें काकसा थाना बुदबुद और दुर्गापुर के विजन थाना प्रभारी का योगदान काफी महत्वपूर्ण रहा है. इनके पास से लूट के गहने एवं रुपए सहित हथियार भी बरामद हुए हैं. पुलिस ने इस मामले में पांच अपराधियों को पकड़ा है. पुलिस अब इन्हें रिमांड पर लेकर इनके ट्रेक रिकॉर्ड खंगाल बाकी नेटवर्क के बारे में पता करने में जुटी है. ताकि उन्हें भी पकड़ कर उनके उचित स्थान पर पहुंचाया जा सके. पुलिस ने फिर साबित कर दिया बुरे काम का बुरा ही नतीजा होता है. उधर व्यवसाई हो या आम आदमी पुलिस को मिले इस कामयाबी के बाद पूरी टीम की खूब प्रशंसा हो रही है.

# राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चौधरी के नेतृत्व में विशाल धरना प्रदर्शन।




**नारायणलाल सैणचा**

पाली :-कानाराम सीरवी हत्याकांड युवा परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चौधरी को सुनने के लिए सीरवी छात्रावास की जगह पड़ी कम। कानाराम सीरवी हत्याकांड के आरोपी को जल्द से जल्द फांसी हो को लेकर सीरवी समाज के साथ 36 कोम के लोगो ने गुरुवार को किसान छात्रावास में एकत्रित होकर जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा। पूरे पाली जिले के लगभग हर गांव से हजारों की संख्या में महिला ओर पुरुषों का आना यह दर्शाता है कितना गंभीर ओर चिंता का विषय है यह हत्याकांड। इस दौरान किसान छात्रावास में भारी बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में लोग आए। सीरवी किसान छात्रावास में आजादी के बाद अब तक की सबसे बड़ी भीड़ देखने को मिली। आज की इस रैली को सफल बनाने के लिए समाज के कई पधाधिकारी नेता पहुंचे। पिछले काफी दिनों से सुरेश चौधरी की अध्यक्षता में जगह जगह गावो में छोटी छोटी मीटिंगों ली गई। सोजत पर्गरना समिति से भीकाराम सीरवी व हरिश कुमार सीरवी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में लोग आए। पीपी चौधरी ने हत्यारा को जल्द से जल्द सजा दिलाने के लिए समाज को संबोधित किया। इस दौरान पाली विधायक ज्ञानचद पारख, चेयरमैन रेखा राकेश भाटी,सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत,पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, भवर चौधरी, भूराराम सीरवी, पूनाराम सीरवी, सुनिल सीरवी, विजय मरुधर, सज्जन सीरवी, महेंद्र खार्डी, गुमान सेंचा, हीरालाल सीरवी, विशनाराम, चोथा राम गागुदा, संजय सीरवी,अनिल सीरवी सम्पूर्ण सीरवी समाज भारत वेबसाइट की टीम, राष्ट्रीय सीरवी किसान समिति की टीम, प्रकाश सीरवी, रमेश वार्डन, अभ्य राम सीरवी मोजूद रहे। सैकड़ों की संख्या में आये लोगो ने सुरेश चौधरी राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा परिषद के नेतृत्व की तारीफ की ओर उनकी अगुवाई में विशाल रैली को ऐतहासिक ओर न्याय के लिए प्रशासन पर दबाव को इस आंदोलन का हिस्सा बताया।

## वन परिक्षेत्र अधिकारी सबलगढ़ श्रीमती सुमन खरे को कारण बताओ नोटिस

**मुरैना।** प्रदेश सरकार की प्राथमिकता के अनुसूचित जनजाति वनाधिकार अधिनियम 2000 के तहत पात्र हितग्राहियों को वनभूमि पर पट्टा प्रदाय किया जाना है। इस कार्य में वन परिक्षेत्र अधिकारी सबलगढ़ श्रीमती सुमन खरे ने असहयोगात्मक रवैया अपनाया जा रहा है। पूर्व के व्यक्तिगत दावे ग्राम स्तरीय वनाधिकार समिति पर लंबित है। इस संबंध में कलेक्टर ने 15 जुलाई को जिला वनमंडलाधिकारी मुरैना द्वारा 56 पीओआर स्वीकृत किये जाने के बावजूद भी दावा की स्वीकृति किये जाने में सहयोग नहीं किया जा रहा है।

**प्रमुख सचिव से लेकर मुख्यमंत्री तक लगा चुके गुहार**

# एक साल से वेतन को तरस रहे शिक्षक

**लहार( अर्पित गुप्ता)।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग भोपाल से भिण्ड जिले में शतप्रतिशत अनुदान प्राप्त स्कूलों के शिक्षक एवं कर्मचारीगणों का पिछले कई वर्षों से शोषण किया जा रहा है।इन शिक्षकों को कई कई महीनों तक वेतन का भुगतान नही किया जाता है,ऐसी स्थिति में इन लोगो का घर चलाना मुश्किल हो रहा है,जानकारी के अनुसार माह फरवरी 2019 से लेकर मार्च 2020 तक तथा जून 2020 से अगस्त 2020 तक का वेतन इन शिक्षकों को मुहैया नही हुआ है,जिस वजह से यह शिक्षक और कर्मचारी भुखमरी की कगार पर पहुंच गए है,पीड़ित शिक्षकों द्वारा बताया गया कि माह जून के वेतन की राशि भोपाल से स्वीकृत होकर जिला संयोजक अ. जा.क. वि. भिण्ड एवं जिला कोषालय कार्यालय में आ गई थी,लेकिन लापरवाही,लेटलतीफी कर भृस्टाचार के कारण आहरित नही की गई और मप्र शासन को 31 जुलाई को वापिस समर्पित कर दी गई,जिस कारण से शिक्षकों का भुगतान नही हो सका,इसी तरह से पिछले वर्ष भी जिला कार्यालय द्वारा पिछले वर्ष भी बापस कर दी गई थी,उक्त समस्याओं को लेकर शिक्षकों व कर्मचारियों द्वारा अजाकवि वल्लभ भवन भोपाल और मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश से गुहार लगाई है कि उनका वेतन का भुगतान समय समय पर किया जाता रहे,जिससे उनके परिवारों को भुखमरी का शिकार न होना पड़े,अजाकवि शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि अजाकवि भोपाल से अनुदानित संस्थाओ के कर्मचारी गणों को शासन के द्वारा पांचवे वेतनमान के एरियर्स की राशि का भुगतान 5 किस्तों में देने का प्रावधान किया था,जिसमे से शिक्षकों और कर्मचारियों को दो किस्तों का ही भुगतान किया गया है,शेष तीन किस्तें अभी भी मिलना बाकी है।।

# हत्या कांड के प्रकरण में फरार आरोपी पुसिल ने दबोचा



**कैलारस।** कैलारस पुलिस द्वारा लगातार कार्यवही की जारही वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत कैलारस पुलिस ने ग्राम पचेखा में दो पक्षों के माध्य खेत की मिट्टी को लेकर हुए विवाद में घायल हुये पदम सिंह सिकरवार की मुरैना ले जाते समय मौत हो गई थी जिस पर फरियादी गब्बर सिंह सिकरवार की रिपोर्ट पर से 11 आरोपियों के विरुद्ध मामला कायम कर विवेचना में लिया गया था घटना के उपरांत से ही गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई थी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय अनुराग सूजानिया द्वारा कैलारस थाना प्रभारी अविनाश सिंह राठौर निर्देश दिए गए थे कि इस प्रकरण के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के साथ-साथ सभी आरोपियों की गिरफ्तारी पर पांच ?5000 का इनाम घोषित किया गया था इस प्रकरण सदर में 8 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया चुका है इसी क्रम में दिनांक 3,9,2020 को मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी गोपाल सिंह पुत्र करण सिंह सिकरवार निवासी पाचेखा को गिरफ्तार कर आरोपी से 1 बांस की लाठी जप्त करने में सफलता प्राप्त की गई है आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी अविनाश सिंह राठौर, एसआई सौरभ तोमर,शिव कुमार जाट,अटल शर्मा, वीरपाल जाट, इन सभी की सराहनीय भूमिका रही साथ ही पुलिस द्वारा कार्रवाई कर न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया।

## महिलाओं से संबंधित कानूनी मुद्दों पर विशेष विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन 11 सितम्बर को

**मुरैना ।** जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार जैन एवं अपर जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री व्ही.के. गुप्ता के मार्गदर्शन में आंगनबाडी प्रशिक्षण संस्थान, बानमौर में महिलाओं से जुडे कानूनी मुद्दो पर विशेष विधिक साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 11 सितम्बर 2020 को किया जाएगा। जिसमें रिसोर्स पर्सन अधिवक्ताओं द्वारा शिविर में उपस्थित महिलाओं को घरेलू हिंसा, महिलाओं पर अत्याचार इत्यादि विषयों पर विस्तृत विधिक जानकारी दी जावेगी।

# सिंधिया फैन्स क्लब की कार्यकारिणी का हुआ गठन

### शशांक बुधौलिया बने मण्डल उपाध्यक्ष



**दबोह( अर्पित गुप्ता)।** सिंधिया फैन्स क्लब के भिंड जिलाध्यक्ष विजय भारद्वाज द्वारा सिंधिया फैन्स क्लब के संरक्षक तुलसी सिलाबट,ओपीएस भदौरिया,प्रधुम्न सिंह,गोविंद राजपूत व प्रदेश अध्यक्ष श्री अक्षय सक्सेना व लहार के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी की अनुशंसा पर सिंधिया फैंस क्लब दबोह की कार्यकारिणी का गठन हुआ है जिसमे युवा नेता शशांक बुधौलिया को मण्डल उपाध्यक्ष बनाया गया है।वहीं इसी तारम्भ में ध्रुव गुर्जर को मण्डल उपाध्यक्ष, विश्वजीत सिंह कौरव को मण्डल उपाध्यक्ष,ब्रजकिशोर सिंह यादव को मण्डल उपाध्यक्ष,संजीव सोनी मण्डल महामंत्री व ऋषि दौहरे को मण्डल महामंत्री बनाया गया है।इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो ने वरिष्ठ नेतृत्व एवं अशोक चौधरी जी का आभार व्यक्त किया व वरिष्ठ नेतृत्व को भरोसा दिलाया कि हम इस दायित्व का निर्वाहन पूर्ण निष्ठा के साथ करेंगे तथा श्रीमंत महाराज सिंधिया जी के मार्गदर्शन में जनसेवा कार्य करते रहेंगे।

# आज होगा बसपा का धरना प्रदर्शन

**लहार(अर्पित गुप्ता)**

**बसपा नगर की समस्याओं को देखने के लिये नगर परिषद को साइकिल के साथ चस्मा करेगी भेंट**

लहार नगर में फैली गंदगी,लावारिस पशुओं के साथ अन्य समस्याओं की अनदेखी कर रही नगर परिषद को वार्डो में घूमने के लिए साइकिल के साथ चस्मा भेंट करेगी,और नगर परिषद से गुहार लगाएगी कि नगर के सभी वार्डो में जो अव्यवस्थाएं है उन्हें साइकिल लेकर घूमिए और गौर से देखने के लिये चस्मा का इस्तेमाल कीजिए,बहुजन समाज पार्टी के जिला सचिव एवं विधानसभा प्रभारी डॉ विनोद तिवारी ने पत्रिका को जानकारी देते हुए बताया कि नगर लहार में गंदगी का साम्राज्य है,पात्र ब्यक्ति आवास सुबिधा से वंचित है,अपात्र ब्यक्तियो को आवास के नाम पर पैसों का भुगतान किया जा रहा है,आवारा पशुओं से किसान परेशान है,आवारा पशुओं ने लोगो का रोड पर चलना दूभर कर दिया है,महापुरुषों की मूर्तियां असमाजिक तत्वों से सुरक्षित नही है,सीसीटीवी कैमरों के न होने से आएदिन चोरियां हो रही है,इन्ही सभी समस्याओं से निजात पाने के लिये बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में एक रैली निकाल कर नगरपरिषद पर धरना प्रदर्शन किया जावेगा,एवं मुख्य नगरपरिषद अधिकारी को एक साइकिल ओर चस्मा भेंट किया जावेगा और उनसे नगर की आमजनता की ओर से गुहार लगाई जावैगी कि साइकिल पर बैठ कर नगर भृमण करें और जो समस्याओं को वो देख नही पा रहे है उन्हे चस्मा से देखने की गुहार लगाई जावैगी और साइकिल के साथ साथ चस्मा भी भेंट की जावैगी,यह रैली आज चार सितंबर को प्रातः 10 बजे उनके निजनिवास मंड्यापुरा से कोविड 19 एवं शासन के नियमो का पालन करती हुई मुख्यबाजार से निकलती हुई नगरपरिषद कार्यालय पहुँच का धरना प्रदर्शन करेगी।

# मिलर्स से प्राप्त गुणवत्ता विहीन चावल प्रदाय का मामला ईओडब्ल्यू को

## मुख्यमंत्री चौहान ने दिए निर्देश, जांच के बाद होंगे दोषी दंडित, किसी भी स्तर पर नहीं सहेंगे भ्रष्टाचार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि उपभोक्ताओं को गुणवत्ता विहीन चावल प्रदाय करने का मामला गंभीर है। इसकी ईओडब्ल्यू से जांच करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज इस संबंध में उच्च स्तरीय बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि फरवरी माह में बालाघाट में मिलर्स से प्राप्त गुणवत्ता विहीन चावल को सार्वजनिक वितरण प्रणाली में बांटने के मामले में पूर्व सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह गंभीर मामला है। इसमें विभिन्न स्तर पर सांठ-गांठ की भी आशंका है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस मामले की जांच में जो तथ्य उजागर होंगे, दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बालाघाट और मंडला जिलों के निरीक्षण के बाद गोदामों से चावल का प्रदाय और परिवहन बंद किया गया है। मिलिंग नीति के अनुसार गुणवत्ताविहीन चावल के स्थान पर मानक गुणवत्ता का चावल प्राप्त किया जाएगा। भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर सहन नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बैठक में कहा कि खाद्यान की गुणवत्ता और राशन घोटाले के मामले की विस्तृत जांच की जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पूरे प्रदेश में खाद्यान की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। पूर्व में कहीं भी हुई गड़बड़ी की जांच होगी। किसी भी



कीमत पर खाद्यान की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। इसमें गड़बड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस तरह की गड़बड़ियों को पूरी तरह समाप्त करना बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि खाद्यान की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले और काला बाजारी करने वाले लोगों के दुष्चक्र को तोड़ना आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा बुधवार को अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि गुणवत्ताविहीन चावल प्रदाय के मामले में सख्त कदम उठाए जाएं। इस तारतम्य में बालाघाट जिले के 3 गोदामों का निरीक्षण किया गया। इसमें 3136 मेट्रिक टन तथा मंडला जिले में 1658 मेट्रिक टन चावल निर्धारित मानकों का नहीं पाया गया। दोनों जिलों के निरीक्षण के बाद गोदामों से चावल का प्रदाय और परिवहन बंद किया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा सख्त कार्रवाई के निर्देश के पालन में प्रदेश में सेम्पल लेने की कार्रवाई जारी है। कुल 51 संयुक्त दल गठित कर भंडारित चावल के एक हजार से अधिक सेम्पल लिए जा चुके हैं। इनमें से 284 की जाँच प्रारंभ की गई है। भारतीय खाद्य निगम के स्थानीय कार्यालयों से मिली जानकारी के अनुसार 72 सेम्पल वितरण योग्य हैं, जबकि 57 सेम्पल मानकों के अनुरूप नहीं है। प्रदेश के अन्य जिलों से चावल की शेष मात्रा में से सेम्पल लेने का कार्य भी इस सप्ताह कर लिया जाएगा। दोषी गुणवत्ता नियंत्रकों की सेवाएं समाप्त करने की कार्रवाई भी की गई है। निम्न गुणवत्ता का चावल प्रदाय करने वाले मिलर्स के गोदाम एवं मिलों की जांच भी की जा रही है। संबंधित मिलर्स के खिलाफ एफ.आई.आर. भी दर्ज की गई है। प्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में नवम्बर 2019 से जनवरी 2020 तक 26.21 लाख मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया। माह अगस्त 2020 तक मिलिंग के लिए 17.40 लाख मेट्रिक टन धान मिलर्स को प्रदाय किया गया। इसमें से मिलर्स ने 16.51 लाख मेट्रिक टन धान की कस्टम मिलिंग कर 11.06 लाख मेट्रिक टन चावल कार्पोरेशन को प्रदाय किया गया है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री आज - कल गुना, शिवपुरी, दतिया प्रवास पर

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर 4 एवं 5 सितंबर को गुना, शिवपुरी और दतिया जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर 4 सितंबर को गुना पहुंचेंगे। प्रवास के दौरान प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं केंद्रीय मंत्री नरेंद्रसिंह तोमर विधानसभाओं प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठकों को संबोधित करेंगे। 4 सितंबर शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा एवं केंद्रीय मंत्री श्री तोमर गुना में प्रात: 11 बजे बामोरी, दोपहर 1.30 बजे मुंगावली,

**विधानसभावार प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठकों में होंगे शामिल**



दोपहर 3 बजे अशोकनगर विधानसभा की बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। सभी बैठकें गुना के होटल राजविलास में आयोजित होंगी। 5 सितंबर शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर प्रात: 11 बजे मामाजी मैरिज गार्डन, पोहरी जिला शिवपुरी की बैठक में प्रमुख कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। दोपहर 1 बजे पोहरी से करैरा प्रस्थान करेंगे। दोपहर 2 बजे रामराजा गार्डन शिवपुरी में करेरा विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक में भाग लेंगे। शाम 4 बजे करेरा से जिला दतिया के भांडेर प्रस्थान करेंगे। शाम 4.45 बजे वृंदावन धाम वाटिया, सीतासागर के पास दतिया में भाण्डेर विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक के पश्चात शाम 6.15 बजे झांसी ग्वालियर रोड पर जिला कार्यालय का भूमिपूजन करेंगे।

# चुनावी तैयारियों में हम आगे, सरकार के कामों को नीचे तक पहुंचाए : विष्णुदत्त शर्मा

## चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न, प्रदेश अध्यक्ष ने चुनावी तैयारियों का लिया जायजा



**भोपाल।** आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर हमारी तैयारियां बेहतर है। सेक्टर और बूथ स्तर पर हमारे कार्यकर्ता पूरी सक्रियता से काम कर रहे हैं। हमारे कार्यक्रम और चुनावी तैयारियां बूथ से भी निचले स्तर तक सक्रियता से काम करें, इसके लिए हम विशेष कार्ययोजना के साथ जुट जाएं। विधानसभा स्तर पर राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक नेताओं के प्रवास भी शुरू हो रहे है। जिसकी तैयारियां में हमें जुटना है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने गुरूवार को चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में कही। बैठक में केन्द्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते एवं चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक, नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने भी मार्गदर्शन दिया। विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि उपचुनाव में कांग्रेस ने 15 महीने में जनता से जो वादाखिलाफी की उसे जनता तक पहुंचाने का काम हमें करना है। साथ ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने गरीब, किसान और महिला वर्ग के लिए जो काम किए और जो जनहितैषी निर्णय लिए है उन्हें नीचे तक पहुंचाने का काम करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भ्रम और झूठ का सहारा चुनाव में लेती है, इन उपचुनाव में भी कांग्रेस जनता को भ्रमित करेगी। हमें जनता को सच और तथ्य से अवगत कराना है। कांग्रेस को बेनकाब करने का काम हमें करना है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने सदस्यों से चुनाव की तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। समिति के संयोजक भूपेन्द्र सिंह ने चुनावी तैयारियों को लेकर आगामी कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। बैठक में प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, हरिशंकर खटीक, श्रीमती कविता पाटीदार, राजेन्द्र सिंह राजपूत, शैलेन्द्र शर्मा, रविन्द्र यति, डॉ. हितेश वाजपेयी, मनोरंजन मिश्रा, विकास विरानी, नरेन्द्र पटेल, प्रदीप त्रिपाठी, राजेन्द्र जी उपस्थित थे।

# मैदानी स्तर पर सहकारिता की योजनाओं का पारदर्शी तरीके से प्रभावी क्रियान्वयन हो : मंत्री डॉ. भदौरिया

**भोपाल।** सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा है कि कृषि व ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सहकारिता आन्दोलन की प्रमुख भूमिका है। उन्होंने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वे सहकारिता से सम्बधित शासन की योजनाओं को पारदर्शिता के साथ प्रभावी रूप से मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करायें ताकि हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सकें। मत्री डॉ. भदौरिया ने यह भी कहा कि आगामी 5 सितंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहकारिता विभाग की गतिविधियों व योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करेंगे। मंत्री डॉ. भदौरिया ने बताया कि समीक्षा बैठक में आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत कृषि अधोसंरचना कोष के उपयोग एवं नाबार्ड की योजनाओं के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की जायेगी। इसके अलावा पीएम किसान के पात्र किसानों को जारी केसीसी में ऋण वितरण, पशुपालक कृषकों को कार्यशील

**आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत कृषि अधोसंरचना कोष के उपयोग, नाबार्ड व अन्य विभागीय योजनाओं की होगी समीक्षा**

पूँजी हेतु साख सीमा, खरीफ 2020 में फसल ऋण वितरण, कृषि ऋणों की वसूली, एपेक्स बैंक यूटिलिटी पोर्टल पर फसल ऋण वितरण में कृषकवार ऋण वितरण एवं वसूली की जानकारी, रबी 2020-21 हेतु उर्वरकों का अग्रिम भण्डारण, खरीफ 2020 फसल बीमा प्रीमियम प्रेषण के अलावा उपार्जन से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा भी करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में संस्थाओं के वित्तीय पत्रकों की प्राप्ति एवं धारा 56 के तहत जारी नोटिस, अंकेक्षण की प्रगति, अंकेक्षण शुल्क की वसूली, अंकेक्षण आपत्तियों के निराकरण हेतु लेखा समितियों की बैठकों, प्राथमिक कृषि साख संस्थाओं के नियमित एवं लंबित अंकेक्षण, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं नागरिक बैंकों के वर्ष 2019-20 के वैधानिक अंकेक्षण, शहरी साख सहकारी समितियों के निरीक्षण की प्रगति, मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव सोसायटी के संबंध में आरबीआई से प्राप्त शिकायतों के जाँच प्रतिवेदन प्रेषित करने, नवीन गठित सहकारी संस्थाओं की अंशपूँजी सहायता राशि की वसूली सहित अन्य बिन्दुओं पर भी चर्चा कर समीक्षा की जायेगी।

# निगम अमले ने हटाए शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में सी.एम. हेल्प लाईन के माध्यम से प्राप्त शिकायत का निवारण करते हुए सिंगारचोली, लालघाटी क्षेत्र से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की साथ ही सेमराकला में 01 फर्नीचर कारखाने के सामने रखा सामान हटवाया। निगम अमले ने कॉल सेंटर के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निवारण करते हुए 11 नंबर से 01 मोची की गुमठी, 12 नंबर स्टॉप क्षेत्र से 01 टपरा तथा बाग मुगालिया एक्सटेंशन, कटारा हिल्स क्षेत्र से 01 सीमेंट क्रांकीट का स्लेब तोड़ने की कार्यवाही की। इसके अतिरिक्त निगम अमले ने वैशाली नगर चौराहे पर सब्जी वालों द्वारा अतिक्रमण कर लगाई गई 10 दुकाने, बिजली कालोनी आनन्द नगर क्षेत्र से 05 ठेलों, रॉयल मार्केट से 10 ठेलों के अतिक्रमण हटाए। इसी प्रकार सांई मंदिर 12 नंबर, सांई बोर्ड, लालपरेड ग्राउंड के पास से भी अतिक्रमणों को हटाया और 01 बेंच और 02 ठेले जप्त किए। निगम अमले ने बुधवारा क्षेत्र में उद्घोषणा के माध्यम से ठेलों व दुकानों के बाहर रखा सामान भी हटवाया।

# योजनाओं में लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति हो

## टेंकर गुणवत्ता जाँच समिति में निष्पक्ष विशेषज्ञ शामिल करें, एम.पी. एग्रो की समीक्षा बैठक में राज्य मंत्री कुशवाह

**भोपाल।** एम.पी. स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेव्लपमेंट कार्पोरेशन के द्वारा संचालित सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित हो। जहाँ पर निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति नहीं है उसकी जाँच की जाये। लक्ष्यों की प्राप्ति में कमियों का पता लगाकर उन्हें दूर किया जाये। योजनाओं के क्रियान्वयन में विलम्ब के लिये जिम्मेदारों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण (स्वतंत्र प्रभार) एवं नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भारत



सिंह कुशवाह ने आज मंत्रालय में आयोजित एम.पी. एग्रो की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिये। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने पिछले दिनों सांसद-विधायक निधि के अन्तर्गत एम.पी. एग्रो द्वारा प्रदाय किये गये पेयजल टेंकरों की गुणवत्ता की जाँच कराने के लिये गठित जाँच समिति में निष्पक्ष विशेषज्ञ को शामिल करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जाँच समिति जाँचकर अपना प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत करें। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि निगम द्वारा प्रदाय किये जाने वाले कृषि यंत्र और उपकरणों की अच्छी गुणवत्ता के साथ-साथ कीमतें भी कम होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कई उपकरणों की कीमतें बाजार में उपलब्ध उपकरणों से ज्यादा होने के कारण किसानों द्वारा यंत्र-उपकरण निगम से नहीं लियें जाते है। जिससे कई योजनाओं के क्रियान्वयन में दिक्कत आती है। बैठक में एम.पी. एग्रो द्वारा पूरक पोषण आहार के उत्पादन के लिये संचालित संयत्रों सहित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। बैठक में प्रमुख सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, एम.डी. एम.पी. एग्रो श्री श्रीकांत बनौठ और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# शिक्षा और शिक्षक

## भगवान की पूजा नहीं होती बल्कि उन लोगों की पूजा होती है जो उनके नाम पर बोलने का दावा करते हैं- सर्वपल्ली राधाकृष्णन

शिक्षा और शिक्षक दोनों ही बड़े प्रभावशाली अल्फ़ाज़ हैं,ऐसा मेरा मानना हैं शिक्षा शब्द संस्कृत भाषा के शिक्ष शब्द में÷अ÷प्रत्यय के संयोग से बना हैं यह दोनों अल्फ़ाज एक दूसरे पर उसी प्रकार आधारित हैं जैसे वृक्ष पर मूल और मूल पर वृक्ष,शिक्षा बिना शिक्षक के बेवा मानी गई हैं और मानी जाएगी।किंतु नैतिक हीन और दुराचारी उपाध्याय से उत्कृष्ट शिक्षा का जोयत् रहना ही सुखद हैं। परंतु पाठक यह बिल्कुल न समझे कि यह बात सिर्फ शिक्षा पर लागू होती हैं,÷संस्कृत भाषा के अनुसार शिक्षा वहीं हैं जिसे सीखा और सिखाया जाए÷मनुष्य के भीतर व्याप्त आंतरिक ज्ञान कौशल और कला को शिक्षा ही उजागर करती हैं किसी भी राष्ट्र का सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं शिक्षा क्योंकि शिक्षा की बड़ी सहभागिता दर्ज हैं हर विकसित और विकासशील राष्ट्र के पीछे।क्या अमेरिका?क्या जापान?क्या रूस?परंतु शिक्षा वहीं उत्कृष्ट हैं जो किताबी ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का भी ज्ञान कराएं, आधुनिक युग में शिक्षा ग्रहण करना बड़ा सरल हैं पहले से,किंतु फिर भी सीखने और सिखाने का मजा पहले जैसा नहीं रहा!कारण ÷शिष्य और शिक्षक के आपसी तालमेल का विखंडन, महज विखंडन का सबब निरंतर बदल रही शिक्षा पद्धति हैं अन्यत्र कुछ नहीं÷। हमारे यहां शिक्षा के तीन स्तर बताए गए हैं1.औपचारिक शिक्षा2.निरौपचारिक शिक्षा 3.अनौपचारिक शिक्षा. जिसमें जब स्वयं शिष्य शिक्षा संस्थान पर जाकर जा के शिक्षा ग्रहण करता हैं उसे औपचारिक शिक्षा कहते हैं, जिसकी शिक्षा प्रणाली सरल और लचीली हो उसे निरौपचारिक शिक्षा कहतें हैं जो शिक्षा मुझे प्रकृति से या चारों तरफ से प्राप्त हो उसे अनौपचारिक शिक्षा कहते हैं। इस आधुनिक युग में बाकी सब तो ठीक हैं किंतु औपचारिक शिक्षा ही चिंता का विषय बनी हुई हैं। कारण हद से ज्यादा भौतिक सुविधाओं को उपयोग में लाना,

÷वस्तु की महत्ता ही वस्तु के आबरू का सबब हैं पुरुषार्थ से प्राप्त असफलता सहजता से प्राप्त हजारों सफलता पर भारी हैं,और रहेगीं÷, ठीक यही नियम शिष्य और शिक्षक पर लागू करके देख लीजिए,कितने हद तक शिक्षक गलत हैं और कितने हद तक शिष्य सब मालूम चल जाएगा।

एक बड़ा जरूरी प्रश्न हैं जो आज के हर शख्स से किया जाना चाहिए निसंकोच,आखिर शिक्षक क्या हैं? और हम कब कैसे शिक्षक का महत्व समझेंगे?

सुधांशु पांडे÷निराला÷के अनुसार-÷जो टूटी फूटी मूरत को शिक्षा के सहारे दर्शनीय बना दे वही शिक्षक हैं÷. समाज में फैंली नाना प्रकार की विसंगतियों पर फतह हासिल करने वाला यदि कोई हैं तो वो हैं शिक्षक किंतु यह बात तभी लागू होती हैं जब शिक्षक चाहे। मैं स्वयं शिक्षक हूं




मेरा धर्म हैं शिष्यों के भीतर जानने की इच्छा जागृत करना किंतु नहीं कर पाता,यदि यही स्थिति रही तो आगे भी कोई नहीं कर पाएगा क्योंकि शिक्षा लेने से ज्यादा महत्व शिक्षक का हैं और इस बात से आज के अधिकत शागिर्द परे हैं।किंतु महज शिष्यों की ही खामियां नहीं हैं इसमे बल्कि हर उस अभिभावक की हैं जिसने बच्चे को विद्यालय भेजते वक़्त कहा की मास्टर साहब महीने की हजार रुपए फीस देता हूं!बच्चे को मारिएगा मत। खत्म हो गया वहीं से शिक्षक का इज्जत और सम्मान क्योंकि शायद आपको यह बात विस्मृत हो गई कि चमकने के लिए तपना जरूरी हैं। आज के अधिकतर शिष्य शिक्षक की कद्र नहीं करते,सबब भौतिक सुविधाएं,फोन आ गया,लैपटॉप आ गया,तरह-तरह के डिजिटल ऐप आ गए,अब क्या आवश्यकता हैं विद्यालय जाने की?मदरसा जाने की?विश्वविद्यालय जाने की? मतलब हमने खुद बच्चों को सिखाया कि शिक्षक से बेहतर भौतिक सुविधाएं हैं, मैं यह बिल्कुल नहीं कह रहा की भौतिक सुविधाएं निरर्थक है याआप इनका का उपयोग न करें,करें किंतु हद में रह कर। ज्यादा नहीं महज 30-35 वर्ष पीछे जा कर देखिए तब की शिक्षा पद्धति अच्छी थी कि अब की आप स्वयं हम समझ जाएंगे!÷ जिस सोनें को जौंहरी ठोक पीटकर मन के माफिक आकार दिया वास्तव में वही सोना दर्शनी रहा और रहना भी चाहिए÷। ÷शिक्षा बिना शिक्षक के अधूरी शिक्षक बिना शिक्षा के अधूरा और इन दोनों के बिना इंसान मिट्टी के ढ़ेले के समान हैं÷

यह अंधकार सदियों से मुझको घेरा हैं,
जहां गुरु होता है वही सवेरा हैं।

हो जाओ तुम पढ़ लिखकर ज्ञानी,
उद्धव सा मत होना अभिमानी
अहम ज्ञान पर किए तो समझो हुई तुम्हारी हानि,
हंस हो तुम बतला दोगें दूध में हैं कितना पानी!

मिल जाए जगह गुरु चरणों में गर तुमको
तो बस जाना यह जान यही पे बसेरा है,
जहां गुरु होता हैं वही सवेरा हैं।

सत्य मार्ग और सदाचार अपनाना ये गुरु की शिक्षा,
नहीं आँक सकते हो शिष्यों देकर तुम गुरु को दीक्षा
सब विद्याओं में पारंगत अर्जुन के गुरु ने बात कहा,
दु:ख का कारण बना कर्ण जो साथ गुरु का ज्ञान रहा!

दीपक जला जहाँ ना गुरुद्वारा
जुन्हाई में भी देखो वहां अंधेरा है,
जहां गुरु होता है वही सवेरा है।।

-÷निराला÷

आधुनिक युग से पूर्व यही भारत की शिक्षा पद्धति थी,जो अब ना रही,

यदि वास्तव में शिक्षक का महत्व जानना ही हैं तो कर्ण को पढ़िए,अर्जुन को पढ़िए,एकलव्य को पढ़िए,मौर्य वंश पर विजय प्राप्त करने वाले चंद्रगुप्त को पढ़िए!अध्ययन के पश्चात शिक्षा और शिक्षक का महत्व क्या हैं?यह प्रश्न आप दोबारा नहीं करेंगे ऐसा मेरा दावा हैं,

अतः शिक्षक दिवस के इस पावन अवसर पर मैं अपने उन सभी गुरुओं की कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ जिन्होंने मेरा हाथ थाम कर बताया कि कलम इस ढंग से नहीं इस ढंग से पकड़ी जाती हैं।

**सुधांशु पांडे**
**निराला प्रयागराज,**
**उत्तर प्रदेश, भारत.**

---

## संपादकीए

### अर्थव्यवस्था चौपट

कोरोना महामारी और लॉकडाउन के झटकों से चालू वित्तवर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था का उबरना मुश्किल है। एसबीआई ने जारी रिपोर्ट में बताया कि पहली तिमाही विकास दर में आई रिकॉर्ड गिरावट आगे भी जारी रहेगी और वर्ष 2020-21 में जीडीपी की वास्तविक वृद्धि दर शून्य से 10.9 फीसदी नीचे रहने का अनुमान है। इससे पहले सरकार ने सोमवार को जीडीपी आंकड़े जारी कर बताया था कि पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में विकास दर शून्य से 23.9 फीसदी नीचे रही है। इकोरैप रिपोर्ट में चालू वित्तवर्ष के लिए विकास दर में (-)6.8 फीसदी गिरावट का अनुमान था। एसबीआई रिसर्च ने कहा कि हमारा शुरुआती अनुमान है कि जीडीपी वृद्धि दर सभी तिमाहियों में नकारात्मक रहेगी। दूसरी तिमाही में भी विकास दर शून्य से 12-15 फीसदी नीचे रह सकती है, जबकि तीसरी तिमाही में (-)5 से 10 फीसदी और चौथी तिमाही में (-)2 से 5 फीसदी रहने का अनुमान है। इस तरह देखा जाए तो पूरे वित्तवर्ष में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर (-)10.9 फीसदी रह सकती है। देखा जाए तो पहली तिमाही में रिकॉर्ड गिरावट का सबसे बड़ा कारण निजी खपत में कमी है। इसकी वजह से निवेश की मांग नहीं बढ़ सकी। अमूमन जीडीपी में निजी खपत और खर्च की हिस्सेदारी 57 फीसदी रहती है, लेकिन मौजूदा संकट की वजह से 2020-21 में इसमें 14 फीसदी गिरावट का अनुमान है। इससे पहले 2010-11 से 2019-20 तक नौ वित्तवर्षों में निजी खपत और खर्च औसतन 12 फीसदी की दर से वृद्धि करता रहा है। इससे साफ तौर पर संकेत मिलते हैं कि इस साल निजी खपत और खर्च में 26 फीसदी की कमी आएगी। हालांकि, आरबीआई के कर्ज वृद्धि आंकड़े थोड़ा राहत के संकेत देते हैं। इसके अनुसार, जुलाई में उद्योग को छोड़कर सभी बड़े क्षेत्रों में कर्ज वृद्धि दर बढ़ी है। छोटे-मझोले उद्योगों, कृषि और पर्सनल लोन की मांग में इजाफा हुआ है। रिपोर्ट में निर्माण, व्यापार, होटल और विमानन उद्योग में बड़े सुधार का सुझाव दिया गया है। अर्थव्यवस्था की विकास दर ऊपर आने में अभी महीनों लग जाएंगे। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में विकास दर शून्य से 23.9 फीसदी नीचे जाने पर टिप्पणी करते हुए पूर्व वित्तमंत्री ने कहा, इन आंकड़ों का अर्थ है पिछले 12 माह में एक तिमाही की जीडीपी का सफाया। इसे इस तरह भी समझा जा सकता है कि वित्त वर्ष 2019-20 की समाप्ति पर जीडीपी की दर 20 फीसदी नीचे चली गई थी। उस तिमाही में कृषि, वानिकी एवं मत्स्य पालन ही वह क्षेत्र रहे, जिनमें वृद्धि देखने को मिली।

---

## हमारे शिक्षक



सारे जहां में सबसे,
महान हैं शिक्षक।
बच्चों खातिर रब के,
वरदान हैं शिक्षक।
वतन के लिए एक,
अभिमान हैं शिक्षक।
अज्ञानी में भर देते,
पूर्ण ज्ञान हैं शिक्षक।
विद्यार्थियों को देते,
पहचान हैं शिक्षक।
इस धरा पर सबसे,
गुणवान हैं शिक्षक।
विद्या के मामले में,
धनवान हैं शिक्षक।
सबके मन में जगाते,
अरमान हैं शिक्षक।
भूले को राह दिखाते,
भगवान हैं शिक्षक।
सभी गुणों से भरपूर,
एक खान हैं शिक्षक।
बुद्धि के दृष्टिकोण से,
आसमान हैं शिक्षक।
अवगुण के मामले में
रेगिस्तान हैं शिक्षक।
अच्छे इल्म वालों के,
कद्रदान हैं शिक्षक।
गलती मानने पर देते,
अभयदान हैं शिक्षक।
इज्जत पाने में सबसे,
भाग्यवान हैं शिक्षक।
सारे जहां में सबसे,
महान हैं शिक्षक।

**गोपेंद्र कु सिन्हा गौतम**
**शिक्षक और सामाजिक चिंतक**
**औरंगाबाद बिहार**

## जीत उसी की होती, जो न घबड़ाए इंसान...

क्या करूँ! कैसे करूँ! बस! इसी में न करो विचार,
त्वरित निर्णय लेकर कुछ करने को झट हो तैयार।
नेकनीयती और सत्पथ पर चलने का रखें हौसला,
सफल होने के लिए, लक्ष्य पर करें निरंतर वार।।

याद रखें कि विजय मिलना न इतना होता आसान,
पथरीले रास्तों से ही गुजरने से बनती इक पहचान।
कभी औंधे मुँह गिर पड़े, तो न भगना हमें मैदान से,
जीत उसी की होती, जो न कभी घबड़ाए इंसान।।

भगवान होते हुए भी, श्रीराम को जाना पड़ा वनवास,
बार बार हो पराजय, तब भी छोड़ें जीतने की आस।
हमारे सद्कर्म और भाग्य का ज्यों ही होगा मिलन,
हम बनेंगे नृप और एक दिन महलों में होगा निवास।।

बस! हमें लक्ष्य के लिए, सतत करना होगा प्रयास,
कभी लगेगा जीवन हुआ खत्म, रुक जाएगी सांस।
पर हमें सत्यपथ पर रखना ही होगा पूर्ण विश्वास,
न होना चाहिए हमें कभी भी जीवन से यूँ निराश।।

कभी सत्पथ से हटने को हमें प्रलोभन भी मिलेंगे,
हारने पर कभी ये दुनिया वाले खूब जमकर हँसेंगे।
हमें न खोना धैर्य, न कभी गिराना अपना मनोबल,
सफलता पाने पर यही लोग, प्रेम से गले मिलेंगे।।

## सृजन में हो सत्य का वास...

मेरे सृजन में हो सत्य का वास,
शब्दों में मेरे यथार्थ का आभास।
मुजलिमों की लिख दूँ मैं पीड़ा,
न्याय मिलने की उनको आस।।



शोषण के मुखर हो मेरी आवाज़,
शब्दों में मेरे हो संगीत का साज।
सब का मन पढ़ने से प्रफुल्लित,
विषता कटुता का न कोई काज।।

मेरा सृजन साहित्य समृद्ध करे,
जीवन में इंद्रधनुषी रंग भी भरे।
सौंदर्य, करुणा, प्रेम परिलक्षित,
वाचन से सबजन की पीड़ा हरे।।

मेरे सृजन में वर्णित वीरों की शान,
अपने देश का खूब करूँ बखान।
मनुजता का भी संदेश निहित हो,
सृजन में दिखता हो स्वाभिमान।।

मेरे सृजन से बने सत्पथ की राह,
नव चेतन व सद्कर्म की हो चाह।
प्रकृति के दिखते हो मनोरम दृश्य,
न लिखूँ ऐसा मुझे लग जाए आह।।

सृजन से बच्चों के चेहरे पे मुस्कान,
जीवन में हो ख़ुशहाली का आह्वान।
दूजे की पीड़ा का हो मुझे एहसास,
अनुजों को स्नेह, बड़ों को सम्मान।।

**स्वरचित व मौलिक**
**सादर**
**लाल देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव**
**बस्ती (उत्तर प्रदेश)**

## दोस्ती

आज कल दोस्ती के मायने बदल गए है बाज़हिर की अब वो एक बटन से ही टूटते और जुड़ते है।एल्बम मेरी तमाम अब उन अल्मारियों में बंद है फोटोज तो अब गैलरी में जमा होती है।जब वो एल्बम खुलते थे तो कई कहानियां कई किस्सेस निकालते थे। अब उंगलिया सरकती है जनाब और एक झपकी से गुजर जाती है
बादलो में बसा करती थी बारिशे कभी
अब उन बारिशो में हमारे दस्तावेज़ चढ़ाये जाते है
दाद माँगा करते थे जो दोस्त अपनी कामयाबी पर
अब उन्हें भी वह नीले रंग का ठेंगा चहिये
इन्ही ठेंगो की जमाखोरी में मदहोश ये जमाना है।
कई दोस्तों से जुड़ लेते अब हम
उंगलिया बात करती है जनाब तवज्जु तो कहीं और होता है।



**शिखा रायकवार**
**मनेन्द्रगढ़ छग**

---

## उल्लू का पट्ठा



लोहा लोहे को काटता है
तो कुत्ता किसे काटता है
नेता को,
जूते पसंद है पहनने हेतु
पर तलवे कौन चाटता है
भाषण नहीं है भड़काऊ

बिल्ली कर रही है म्याऊँ
नेता की तरह,
हमें भी कुर्ता पसंद है
पर छुटभैये कहाँ से लाऊँ
नेता तो अब भी बेचारा मट्ठा हैं
पता नहीं कौन उल्लू का पट्ठा है



**कवि दशरथ प्रजापत**
**पथमेड़ा, जालोर (राजस्थान)**

---

## मैं शिक्षक हूं

मुझे गर्व है कि मैं एक शिक्षक हूं।
मैं इस देश के भविष्य निर्माण में सहायक हूं।।
सभी परिस्थितियों से समझौता कर,
कम सुविधाओं में भी अपना शत-प्रतिशत,
अपने कर्णधारों को सिखाने में देता हूं।
मैं उस सड़क की तरह हूं,
अपनी एक जगह पर खड़े होकर,
बच्चों को उनकी मंजिल तक पहुंचाता हूं।
मैं उस दीपक की लौ की तरह हूं,
खुद जलकर बच्चों के,
अंधेरे जीवन में प्रकाश भर रहा हूं।
मैं समुद्र की गहराई की तरह हूं,
जिसमें बालक अथाह ज्ञान के सागर में,
गोते लगाकर तर जाते हैं।
मैं खुश हूं कि देश के कर्णधारों के,
भविष्य सुधारने व बनाने में मदद कर रहा हूं,
मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मैं एक शिक्षक हूं।
मुझे गर्व है कि मैं एक शिक्षक हूं।
मैं इस देश के भविष्य निर्माण में सहायक हूं।



**रचनाकार- ठाकराराम प्रजापत**
**अध्यापक- राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय**
**भीमरलाई गांव, जिला-बाड़मेर, राजस्थान।**

---

## कविता

### आप जब से आ गए....।




हम यूँ ही पलते रहे, चलते रहे तम के तले।
आप जब से आ गए, सौ दीप जीवन में जले।

क्या थे, कहाँ थे, कौन थे?
हम चुप रहे, हम मौन थे।
आपने एक लक्ष्य दी,
अर्जुन के जैसे द्रोण थे।

करते रहे हमको क्षमा, हम थे बुरे, हम थे भले।
आप जब से आ गए, सौ दीप जीवन में जले।

चल नहीं सकते थे हम, चलना सिखाया आपनें।
उड़ नहीं सकते थे हम, उड़ना सिखाया आपनें।

रह धरा पे आज हम हैं, मिल रहे नभ से गले।
आप जब से आ गए, सौ दीप जीवन में जले।

हम रहे पत्थर सदा, हीरा बनाया आपने।
मिट्टी को मूर्ति बना, कीर्ति दिलाया आपने।

वर दीजिए, है प्रार्थना, हम बढें, फूलें, फलें।
आप जब से आ गए, सौ दीप जीवन में जले।

**राज कुमार जायसवाल**
**प्राथमिक शिक्षक**
**केंद्रीय विद्यालय क्र.-3 भुवनेश्वर**

---

## कोरोना वैश्विक महामारी या अवसर

चीन के वुहान शहर से निकली वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (ष्थ1द्वस्त्र -19) आज सम्पूर्ण विश्व मे फैल चुकी है। सम्पूर्ण विश्व मे अब तक कोरोना के 2.53 मामले सामने आ चुके है। 8.50 लाख कोरोना रोगियों की अब मृत्यु हो चुकी है। ब्राजील , अमेरीका , भारत विश्व के सर्वाधिक प्रभावित देशो में प्रमुख देश है। वर्तमान में कोरोना सम्पूर्ण भारत मे फैल चुका है । में भारत मे कोरोना के लगभग 36 लाख मरीज सामने चुके है तथा 64 हजार रोगियों की मृत्यु हो चुकी है। वो कहते है ना, कि आपदा सदा अपने साथ अवसर लेकर आती है। हमारे देश की वर्तमान स्थितियां भी बिल्कुल ऐसी ही है , कोरोना वायरस जैसी महामारी को भी सरकार से लेकर आम आदमी तक सभी ने एक बेहतर अवसर बना लिया है आज कोई भी व्यक्ति किसी काम को न करना चाहे या करने में असमर्थ हो तो वह तुरंत पहला कारण बताता है , यार ! तुझे तो पता ही है ना , कि कोरोना चल रहा है ।मैं नही कर पाया।अरे ! यह कोरोना ने सब कुछ बिगाड़ दिया है कोई क्या करें...?



सच है , कि कोरोना ने बहुत कुछ बिगाड़ा है पर क्या सब कुछ बिगाड़ा है ..?

शायद नही। आज एक बड़े से बड़े व्यापारी से लेकर एक एक सामान्य सब्जी वाले ने यहाँ तक कि एक दूध वालें ने भी अपने उत्पाद का दाम बहुत ज्यादा बढा दिया है। कारण पूछने पर आवाज़ आती है...
अरे ! कोरोना चल रहा है इसने सब बिगाड़ दिया है।

बड़े - बड़े हॉस्पिटल में छोटी सी बीमारी पर भी कोरोना टेस्ट के नाम पर बड़ी रकम वसूलने का धंधा चालू है।

कई नेताजी के राजनैतिक जीवन की शुरआत ही कोरोना काल मे माक्स ओर राशन बांटने से हुई है। वे भी सोशल मीडिया के माध्यम से कोरोना के इस अवसर का भरपूर लाभ उठा रहे है।

जन सामान्य ओर व्यापारियों की बात छोड़ो राज्य सरकार और केंद्र सरकार भी कोरोना जैसी महामारी को अवसर बनाने का एक भी अवसर नही छोड़ रही। कई राज्य सरकारों ने प्रतियोगी परीक्षाओ की भर्ती रोक दिया तो कई सरकारों ने बिजली का पानी का बिल बढा दिया। कोरोना के इस अवसर का लाभ उठाने में केंद्र सरकार भी बिल्कुल पीछे नही है , कोरोना काल के दौरान केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति - 2020 को बिना किसी विरोध के शानदार ढंग से ले आई क्योकि कहीं न कहीं सरकार जानती है इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग में विरोध होगा नही ओर अग़र विरोध हुआ भी तो हम लॉक डाउन लगा देंगे। माना कोरोना से आज सम्पूर्ण विश्व के साथ - साथ भारत भी प्रभावित है किंतु यहाँ राजा से लेकर प्रजा तक कोई भी इस महामारी को अवसर बनाने से नही चूक रहा है। वर्तमान में यह केवल ओर केवल रोगियों के लिए आपदा बन रही है बाकी के लिए तो कोरोना एक अच्छा अवसर बनाता जा रहा है।

**दीपेश पालीवाल**
**उदयपुर राज.**

---

# नई शिक्षा नीति : एक विश्लेषण

देश में नई शिक्षा नीति के दस्तावेज़ पर चर्चा चल रही है हालाकि यह चर्चा बहुत सामान्य स्तर पर है, याने कुछ शिक्षा जगत से जुड़े लोगों और बुद्धिजीवियों के बीच में ही इस पर चर्चा हो रही है। चूंकि रपट अंग्रेजी भाषा में है अत~ वह आम भारतीय के विमर्श से पहले ही बाहर है। यह शिक्षा नीति पर आजादी के बाद का चौथा प्रस्ताव है। शिक्षा नीति का पहला दस्तावेज़ 1968 में डी.एस. कोठारी के द्वारा पेश किया गया था जिसे आम बोल चाल में लोग कोठारी कमीशन बोलते है। प्रो. कोठारी के शिक्षा नीति के दस्तावेज़ के आधार पर कुछ कदम भी भारत सरकार ने उठाए थे और विशेषत~ राष्ट्रभाषा हिन्दी और भारतीय भाषाओं को महत्व मिला था। जिसके बाद लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में भारतीय भाषा वालों को कुछ स्थान मिलना शुरू हुआ इस कारण से ग्रामीण एवं कस्बाई विशेष तौर से हिन्दी और अन्य भारतीय भाषा वाले प्रत्याशियों की हिस्सेदारी बढ़ी। शिक्षा नीति के दस्तावेज़ पर उस समय याने 60 के दशक में चल रहे डॉ. लोहिया के अंग्रेजी हटाओ आंदोलन का अप्रत्यक्ष और अघोषित प्रभाव था। डॉ. लोहिया ने 60 के दशक में अंग्रेजी की सत्ता और उसकी मानसिक दासता से मुक्ति का अभियान चलाया था। उनका नारा था ÷जन-जन की है, अभिलाषा चले देश में देशी भाषा÷। लोहिया अंग्रेजी को हटाकर भारतीय भाषाओं को प्रयोग में लाने के पक्षधर थे। वे चाहते थे कि राज्यों में क्षेत्रीय भाषाएं चले और केन्द्र में हिन्दी। वे अंग्रेजी के ज्ञान के पक्ष में थे परन्तु अनिवार्यता के पक्ष में नहीं थे। उसके बाद 1986 में भी एक शिक्षा नीति का दस्तावेज़ प्रस्तुत हुआ यद्यपि उसके आधार पर कोई उल्लेखनीय कदम तत्कालीन सरकार द्वारा नहीं उठाए गए। 1992 में भी कुछ संशोधन सहित शिक्षा नीति का दस्तावेज़ सामने आया परन्तु वह भी लागू नहीं हो सका। और उसके बाद अब 2020 में श्री कस्तूरी रंगन कमेटी के द्वारा नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) का दस्तावेज़ भारत सरकार को सौंपा गया है। यद्यपि यह अभी दस्तावेज़ ही है और जब तक इसके प्रावधानों के आधार पर भारत सरकार याने मंत्रीमंडल वर्तमान कानूनों में बदलाव नहीं करता है, तब तक यह एक सदुपदेश के कागज जैसा है। श्री कस्तूरी रंगन इसरो के मुखिया रहे है एवं बड़े वैज्ञानिक है। और कई केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी रहे है। यह दस्तावेज़ वर्तमान सरकार के राजनैतिक और मूल विचारों की छाया से ज्यादा प्रभावित नज़र नहीं आता इसलिए इस दस्तावेज़ पर उस ढंग का रंग देने का कोई आरोप नहीं लग सका। यह अच्छी बात है। परन्तु भारत सरकार इसे लागू करेगी या नहीं? किस रूप में करेगी? कितना करेगी? यह सब प्रश्न अभी अनुत्तरीत है। परन्तु जो मुद्दे नीति के दस्तावेज़ में रखे गए है उनके प्रभाव और संभावनाओं पर चर्चा की जाना चाहिए।

1. दस्तावेज़ में कहा गया कि जो दो करोड़ छात्र स्कूल छोड़ देते है उन्हें वापिस लाना चाहिए। इस वापिसी के लिए उन्होंने एक सुझाव यह दिया है कि स्कूली बच्चों को मध्यान्ह भोजन के साथ पौष्टिक नाश्ता भी दिया जाना चाहिए। अब सरकार को यह तय करना है कि वह इसे किस प्रकार लागू करेगी। परन्तु क्या केवल पौष्टिक नाश्ते मात्र से स्कूल के बच्चे छात्र बने रहेंगे यह एक प्रश्न है, इस अकेले प्रयोग से 2 करोड़ बच्चों को वापिस लाना और नए ट्राप आउट को रोकना संभव नहीं है क्योंकि ~-

1. आज सरकारी स्कूलों की संख्या पहले से ही अपर्याप्त है और धीरे-धीरे सरकारें सरकारी स्कूलों को बंद कर उनकी संख्या कम कर रही है। एक जानकारी के अनुसार पिछले एक दशक में लगभग 1 लाख से अधिक शिक्षण संस्थाएं सरकारी या स्वायत्त संस्थाओं यथा नगर निगम, जिला पंचायतों आदि के द्वारा चलाई जा रही थी वह बंद हो चुकी है। औपचारिक तौर पर आर.टी.ई. याने ÷शिक्षा का अधिकार÷ मौलिक अधिकार घोषित हो चुका है, तथा उसका कानून भी बना है। परंतु सरकारी विद्यालयों के अभाव में वह कानून विकलांग कानून है। और सबको शिक्षा के बजाय उसे शिक्षण संस्थाओं की छात्र छात्राओं के 20 प्रतिशत स्थान गरीब छात्रों को शासन या अधिकारियों की संस्तुति पर देने तक सीमित कर दिया गया है। स्थिति यह है कि, अधिकांश निजी शिक्षण संस्थायें गरीबों के बच्चों को प्रवेश देने के आदेश का पालन ही नहीं करतीं।

## निगम कमिश्नर को 3 दिवस के अंदर सफाई में तेजी लाने के निर्देश दिये, सहायक आयुक्त नगर निगम 16-16 वार्डो में प्रातः 6 से 9 बजे तक भ्रमण पर रहेंगे

# कलेक्टर अनुराग वर्मा ने निगम की साफ-सफाई पर अंसतोष व्यक्त किया





**मुरैना।** नगर निगम मुरैना में सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रत्येक गली एवं वार्ड में गंदगी के ढेर लगे हुये हैं। इस प्रकार की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुये कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा ने गुरूवार को प्रातः मुरैना नगर निगम के विभिन्न वार्डों का औचक निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई सड़कों पर कचरे के ढेर पाये गये। इसके साथ ही सफाई कर्मी भी नहीं मिले। कलेक्टर ने नगर निगम कमिश्नर के कार्य से असंतोष व्यक्त किया है और उन्हें निर्देश दिये गये हैं कि सफाई व्यवस्था में 3 दिन में सुधार लायें। 3 दिन में सुधार नहीं हुआ तो औचक निरीक्षण किया जायेगा। जिस क्षेत्र में सफाई नहीं हुई या कचरे के ढेर पाये गये उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। भ्रमण के समय नगर निगम कमिश्नर श्री अमर सत्य गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ललित शर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा ने नगर निगम कमिश्नर श्री अमरसत्य गुप्ता को निर्देश दिये कि निगम के अन्तर्गत 3 सहायक आयुक्त उपस्थित है। इनका फायलिंग करना ही काफी नहीं यह तीनों सहायक आयुक्त 16-16 वार्ड क्रम बार लें, प्रातः 6 से 9 बजे तक भ्रमण कर फोटोग्राफ्स प्रतिदिन मुझे उपलब्ध करावे। वार्डो में वाहन में बैठकर घूमने से काम नहीं चलेगा, वाहन से उतरकर गली-मोहल्लों में पैदल चलकर देंखे। लोंगो की समस्याओं को सुनें। गली, मोहल्लों में मुझे गंदगी दिखना नहीं चाहिये। सभी वार्डो का नगर निगम कमिश्नर श्री अमरसत्य गुप्ता सहायक आयुक्तों के भ्रमण का औचक अवलोकन करेंगे। उन्होंने कहा कि सहायक आयुक्त श्री साबिर कौशर, रामबाबू गुप्ता, रामनिवास शर्मा अपने-अपने वार्डो की जानकारी 1 से लेकर 47 तक की जानकारी मुझे भी सूची बार उपलब्ध करायेंगे। जिससे मैं भी औचक निरीक्षण कर सकूं। कलेक्टर श्री वर्मा ने प्रातः 6 बजे नया बस स्टैण्ड, नैनागढ रोड, शंकर बाजार, गर्ल्स स्कूल रोड, गोपीनाथ की पुलिया, हनुमान चौराहा, पुल तिराहा, फाटक बाहर आदि स्थानों का निरीक्षण किया। जहां पर कई स्थानों पर कचरा एवं गोबर के ढेर लगे पाये गये। कलेक्टर श्री वर्मा ने नगर निगम कमिश्नर को निर्देश दिये कि प्रत्येक सफाई कर्मचारी पर मास्क एवं ग्लव्स होने चाहिये। प्रतिदिन नगर निगम कमिश्नर प्रातः 5 बजे शहर का भ्रमण करें। साफसफाई शहर में मिले। मुरैना शहर बदलते हुये परिवेश में मिले। उन्होंने कहा कि अगला भ्रमण बिना सूचना के औचक मेरे द्वारा किया जायेगा। जो कर्मचारी-अधिकारी अनुपस्थित पाये जायेंगे उनके खिलाफ कार्यवाही होगी।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त दलों की उपस्थिति में ईव्हीएम गोडाउन का किया निरीक्षण

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार ईव्हीएम गौडाउन का मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की उपस्थिति में प्रति माह निरीक्षण करने के निर्देश है। निर्देशों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एलके पाण्डे, ईव्हीएम गौडाउन के प्रभारी श्री वर्मा एवं विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की उपस्थिति में एबी रोड़ नवीन ईव्हीएम गौडाउन का निरीक्षण किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अंबाह सेक्टर ऑफीसरों की बैठक आज

**मुरैना।** आगामी विधानसभा उप निर्वाचन 2020 के क्रियान्वयन हेतु अंबाह सेक्टर ऑफीसरों की बैठक 4 सितम्बर को प्रातः 11 बजे पीजी कॉलेज अंबाह में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी।

### शहीद संग्रहालय आज से खुलेगा

**मुरैना।** अमर शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल संग्रहालय 4 सितम्बर से पूर्ण की भांति सुबह 10.30 से शाम 5.30 बजे तक पर्यटकों एवं सैलानियों के लिये खुला रहेगा। श्री अशोक शर्मा ने बताया कि सैलानी एवं पर्यटक निर्धारित समय में टिकिट लेकर शहीद संग्रहालय का अवलोकन कर सकते है।

### स्टेडिंग कमेटी की बैठक 5 सितम्बर को

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में स्टेडिंग कमेटी की बैठक 5 सितम्बर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित की जायेगी। बैठक में स्टेडिंग कमेटी के सदस्य उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एलके पाण्डे ने दी है।

### राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 5 अगस्त को

**मुरैना।** आगामी विधानसभा उप निर्वाचन 2020 के क्रियान्वयन हेतु मतदान दलों में मतदान दल अधिकारियों को ईव्हीएम एवं मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिये जाने हेतु नवनियुक्त समस्त मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण, राज्य स्तरीय मास्टर टेऊनर्स द्वारा 5 सितम्बर को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दिया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में यह प्रशिक्षण संपन्न होगा। प्रशिक्षण में जिला शिक्षाधिकारी श्री सुभाष शर्मा प्रशिक्षण प्रभारी नियुक्त किये गये है।

## अवैध कट्टा लिये घूम रहे आरोपी को नहीं मिली जमानत

**मुरैना।** वारदात की नियत से कट्टा लिये घूम रहे आरोपी राहुल रजक उर्फ छिलका पुत्र अशोक रजक निवासी मस्जिद वाली गली के पीछे, संजय कॉलौनी मुरैना की जमानत याचिका मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (सीजेएम) न्यायालय ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए सुनवाई के बाद निरस्त कर दी। अभियोजन की ओर से एडीपीओ डॉ. रश्मि वैभव शर्मा ने पक्ष रखा। मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) डॉ. रश्मि वैभव शर्मा ने घटना के बारे में बताया कि, दिनांक 31.08.2020 को थाना कोतवाली के एसआई सुरेश मिश्रा मुखबिर की सूचना पर मस्जिद वाली गली के पीछे, संजय कॉलौनी मुरैना पहुंचे तो वहां एक व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे हमराही फोर्स की मदद से पकड़ा तथा तलाशी लेने पर एक देशी कट्टा (हाथ का बना हुआ) व एक जिंदा राउण्ड मिला। कट्टा एवं राउण्ड रखने के संबंध में वैध लायसेंस चाहा गया तो न होना बताया। उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम राहुल रजक होना बताया। कट्टा एवं राउण्ड को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना वापस आकर थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी न्यायालय में पेश किया।

## जिले में अब तक 483.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**मुरैना।** जिले में 1 जून से अभी तक 483.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 46.8 मिलीमीटर वर्षा कम है। पिछले वर्ष इसी अवधि में जिले में 529.9 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। जिले की वार्षिक औसत वर्षा 706.9 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक 623.4 मिलीमीटर वर्षा मुरैना में दर्ज की गई है। जबकि सबलगढ़ में 559, जौरा में 524 मिलीमीटर, पोरसा 490, अंबाह में 378, कैलारस में सबसे कम 324 और मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

### एमसीएमसी की बैठक 5 सितम्बर को

**मुरैना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उप निर्वाचन 2020 की शीघ्र घोषणा की जाना है। इस संबंध में उप निर्वाचन 2020 के लिये जिला स्तरीय मीडिया मॉनीटरिंग एवं मीडिया सर्टिफिक्रेशन कमेटी (एमसीएमसी) की बैठक 5 सितम्बर को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित की जायेगी। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग वर्मा करेंगे।

## ओम प्रकाश श्रीवास्तव नायब तहसीलदार को रामायण गीता व शाल श्रीफल भेंट कर विदाई दी गई

**पोरसा।** पटवारी के पद पर सन् 1978 से सेवाएं दे रहे थे ओम प्रकाश श्रीवास्तव का प्रमोशन आर आई के पद पर जुलाई 1995 में हुआ था उसके बाद अक्टूबर 2015 में ओम प्रकाश श्रीवास्तव आर आई पद से बने नायब तहसीलदार बने ,,नायब तहसीलदार के रूप में 2015 से आज तक तहसील कार्यालय पोरसा में सेवाएं देकर लोगों को न्याय दिलाया,, आज श्रीवास्तव जी ने कहा की जन सेवा करने से आत्मिक संतुष्टि प्राप्त होती है आज राजस्व विभाग के द्वारा ओम प्रकाश श्रीवास्तव नायब तहसीलदार,,ध्रुव सिंह यादव पटवारी,, एवं मुन्ना लाल शर्मा ड्राइवर, की विदाई समारोह पर एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी एसडीएम सर्वेश यादव एवं विशेष अतिथि



राजकुमार नागौरया तहसीलदार पोरसा, रामनिवास शर्मा नायब तहसीलदार, कार्यक्रम का संचालन राजेश करोरिया पटवारी ने किया इस मौके पर मुख्य रूप से दिनेश शर्मा संचालक एवं शिवम महाविद्यालय ब्रह्मा शंकर शर्मा,महेश कुमार शर्मा, शांतेश सिंह तोमर ,जगन्नाथ गिरी, सुरेश श्रीवास्तव, उमेश उपाध्याय, सहित कई विभागीय कर्मचारी मौजूद थे इस अवसर पर श्री श्रीवास्तव के द्वारा किए गए जनहित के कार्यो को याद किया गया एवं वृद्धावस्था पर उनको रामायण और गीता भेंट की गई।

## वेजुवानों की चारागाह के साथ ही आधुनिक सुविधाओं से लैस हुआ मुक्तिधाम पोरसा

**पोरसा।** बेजुबान पंछियों की चारागाह के साथ ही आधुनिक सुविधाओं से लैस हुआ मुक्तिधाम पोरसा जहां डॉ अनिल गुप्ता ने शब दाह स्थल पर ऊपर आधुनिक चिमनिया लगाकर दूषित बायु को शुद्ध करने के लिए दूसरी मंजिल पर वृक्षों को लगाया गया है जो एक नई पहल है क्योंकि मृत व्यक्ति के दाह संस्कार पर जो जहरीली गैस मृत्यु शरीर से निकलती हैं वह मानव शरीर के लिए खतरनाक होती हैं इस खतरनाक जहरीले गैसों को



शुद्ध करने के लिए आयुर्वेद मतानुसार आधुनिक वृक्षों का रोपण करके उसे दूसरी मंजिल पर भी सुसज्जित किया गया है यह एक डॉक्टर अनिल गुप्ता का जुनून है जो मुक्तिधाम को प्रतिदिन नया आयाम देते चले आ रहे हैं डॉ गुप्ता ने 1995 में मुक्तिधाम को आधुनिक मुक्तिधाम बनाने की कसम खाई थी जो आज पूरी होती चली जा रही हैश्री नागाजी मुक्तिधाम का आज का सीन अदुभुत है।

### आबकारी एक्ट के मामले में आरोपी को न्यायालय ने किया दण्डित

**मुरैना।** मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) डॉ. रश्मि वैभव शर्मा ने घटना के बारे में बताया कि, दिनांक 30.07.2020 को थाना अम्बाह के उ.नि. विवेक सिंह तोमर ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तस्दीक कर दाऊ की कोठी परेड चैराहे के पास हीरो माता मंदिर के सामने से पंकज पुत्र जगदीशचन्द्र शर्मा को 30 क्वार्टर देशी प्लेन मदिरा के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी से शराब रखने, लाने, ले-जाने के संबंध में लायसेंस चाहा गया तो न होना बताया था। थाना अम्बाह पुलिस ने धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर चालान जे.एम.एफ.सी. अम्बाह न्यायालय में पेश किया। जहां पर न्यायालय ने सुनवाई के दौरान आरोपी को दोषसिद्ध कर न्यायालय उठने तक की सजा एवं 2200/- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया। अभियोजन की ओर से एडीपीओ गिरजेश खत्री ने पक्ष रखा।

## परियोजना बानमौर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के आवेदन आमंत्रित करने की अंतिम तिथि

**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन महिला बाल विकास विभाग मंत्रालय द्वारा मंत्रालय के निर्देशानुसार बानमौर परियोजना के अन्तर्गत ग्राम परीक्षा और जरेरूआकला में रिक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिये आवेदन पत्र 11 सितंबर को अपरान्ह 5 बजे तक आमंत्रित किये गये हैं। जानकारी के अनुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित रिक्त पदों की पूर्ती हेतु निर्धारित योग्यता एवं शर्तों के अधीन पात्र महिला अभ्यर्थियों से आमंत्रित किये गये हैं जिसमें परीक्षा एवं जरेरूआ के लिये 1-1 पद रिक्त है। इसके लिये आवेदन 11 सितम्बर 2020 को सायं 5 बजे तक परियोजना कार्यालय बानमौर में जमा कर सकते है। आवेदन कर्ता के लिये उसी वार्ड का मूल निवासी, मतदाता पहचान पत्र, बीपीएल राशन कार्ड होना चाहिये। नवीन परिसीमन अनुसार वार्ड के दस्तावेज प्रस्तुत होने चाहिये। जिस केन्द्र के लिये आवेदन किया जाना है, उस केन्द्र की मतदाता सूची में नाम न होने पर उसके पति एवं अविवाहिता होने पर पिता का नाम होना चाहिये। उक्त दोंनो नाम न होने पर एसडीएम, तहसीलदार द्वारा स्थानीय निवासी का प्रमाणपत्र जारी किया जावेगा। आवेदक की 1 जनवरी 2020 को 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष के बीच आयु होनी चाहिये। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद के लिये हायर सेकेण्डरी, इंटर मीडियेट परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

# आरओ, पीओ के बीच की कड़ी होती है सेक्टर ऑफीसर- कलेक्टर

### कलेक्टर ने कहा कि इलेक्शन में गलती होने पर दूसरा विकल्प नहीं, सुमावली, मुरैना और दिमनी के सेक्टर अधिकारियों की बैठक संपन्न

**मुरैना।** सामान्य निर्वाचन से उपनिर्वाचन बहुत कठिन होता है, इस चुनाव में चुनाव आयोग से लेकर विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के विभिन्न प्रकार के प्रश्न बार-बार आते हैं। जिनका समाधान करना हम सभी के लिये तत्काल करना होता है। विशेषकर रिटर्निंग ऑफीसर और पीठासीन अधिकारी के बीच की कड़ी सेक्टर ऑफीसर होता है जो चुनाव कार्य में सेतु का कार्य करता है। सैक्टर आफीसर का कार्य चुनाव में महत्वपूर्ण होता है । ये निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग वर्मा ने सुमावली, मुरैना और दिमनी के सेक्टर ऑफीसरों को नगर निगम के सभागार में चल रही बैठक के दौरान दिये। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एल के पाण्डे, नगर निगम कमिश्नर श्री अमर सत्य गुप्ता, अंबाह, मुरैना, सुमावली के सहायक रिटर्निंग ऑफीसर सहित तीनों विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर ऑफीसर उपस्थित थे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने कहा कि चुनाव कार्य में सेक्टर ऑफीसर की महत्वपूर्ण कड़ी होती है। संपूर्ण चुनाव का दायित्व सेक्टर ऑफीसर पर होता है। सेक्टर ऑफीसर समय समय पर चुनाव आयोग के पत्रों



का अच्छर सह अवलोकन करें। नियमों को पढ़ने में कोताही न बरतें। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी को सामान उपलब्ध कराना मतदान केन्द्र तक पोलिंग पार्टी को ले जाना, मतदान केन्द्र पर पोलिंग पार्टी को साढ़े पांच बजे मॉक पॉल कराने के लिये तैयार करना, ईवीएम-वीवीपैट सहित संपूर्ण संचालित हालत में रहे यह सभी जिम्मेदारी सेक्टर ऑफीसर की होती है। श्री वर्मा ने कहा कि पोलिंग पार्टी को चुनाव कार्य में पोलिंग पार्टी की सामग्री जमा करने पर पीठासीन अधिकारी पोलिंग पार्टी को रिलीव कर सकते हैं। सेक्टर ऑफीसर पीठासीन अधिकारी को रिलीव कर सकते हैं किंतु सेक्टर ऑफीसर को रिलीव करने का दायित्व रिटर्निंग ऑफीसर का रहेगा। सेक्टर ऑफीसर समस्त पोलिंग सामग्री जमा करने के बाद ही जब तक रिटर्निंग ऑफीसर उसे रिलीविंग न दे तब तक वह घर के लिये रवानगी नहीं डाल सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि सुमावली विधानसभा क्षेत्र में 31, मुरैना विधानसभा क्षेत्र में 31 और दिमनी विधानसभा क्षेत्र में 21 सेक्टर ऑफीसर बनाये हैं। वे अपने अपने मतदान केन्द्र पर भ्रमण करें जिसमें रैम्प, भवन, विद्युत, पेयजल, डबलडोर आदि के प्रबंध होने चाहिये। कई मतदान केन्द्र ऐसे मिलेंगे जहां पर नेटवर्क की समस्या आ सकती है। जिनमें वोडाफोन, आइडिया, बीएसएनएल आदि कंपनियों के नेटवर्क मिलते हैं। इन सब बिंदुओं को नोट करें जिससे चुनाव के दौरान जहां जिस कंपनी के टावर मिलते हैं वहां उसी प्रकार की कंपनी के सिम का उपयोग चुनाव कार्य में किया जायेगा। कोविड को ध्यान में रखते हुये सहायक मतदान केन्द्र के लिये लाइनिंग अलग से लगाने के लिये पर्याप्त स्थान एवं सेनेटाइजर प्रत्येक मतदान केन्द्र पर अलग से एक दिन पूर्व कराया जायेगा।

# इन चीजों के सेवन से घटेगा आपका वजन



सेहतमंद और सक्रिय रहने के लिए नियमित अंतराल में कुछ ना कुछ खाते रहना बहुत जरुरी है। लेकिन अगर स्नैक्स के चुनाव में सतर्कता न बरती जाए तो ये सेहत के लिए नुकसानदेह भी साबित हो सकते हैं। आइए जानें, किन-किन स्नैक्स को अपनी डाइट में शामिल करके आप अपना वजन घटा सकती हैं। गेहूं गेहूं और उनसे बनी चीजें काबरेहाइड्रेट का अ%छा स्रेत हैं। स्नैक्स के रूप में ये बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। इनमें फाइबर भी पर्याप्त मात्रा में होता है, जो आपके ब.ढते वजन पर अंकुश लगाएगा। मेवे और बीज नट्स और सीड (बादाम, पिस्ता, सनफ्लॉवर सीड) शरीर की मांसपेशियों को मजबूत बनाते हैं। इनमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन मौजूद रहता है, साथ ही इनमें असंतृप्त वसा पाया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। मेवों में भरपूर कैलोरी पाई जाती है। कोशिश करें कि 5-8 बादाम से %यादा एक बार में न खाएं। फल हर फल की अपनी खासियत होती है। सेब में पानी, आयरन और प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। इसके नियमित सेवन से आपके शरीर में मौजूद अतिरित्त* वसा कम हो जाएगी। जामुन में कैलोरी कम और फाइबर बहुत अधिक पाया जाता है। इससे कई तरह की बीमारियों से निजात भी मिलती है। इसी तरह स्ट्रॉबेरी और संतरा विटामिन सी का अ%छा स्रेत है। गर्मियों में तरबूज का सेवन करना भी स्वास्थ्य के लिहाज से काफी अ%छा है। संतुलित नाश्ते के साथ मौसमी फलों का सेवन आपके वजन को कम कर करता है। छाछ छाछ में भरपूर प्रोटीन व कैल्शियम पाया जाता है। इसका स्वाद भी लाजवाब होता है। छाछ पीने से भूख भी कम लगती है। भूख कम लगेगी तो ब.ढते वजन पर काबू भी हो जाएगा। वैसे तो दूध या दूध से बनी कोई भी चीज सेहत के लिए फायदेमंद होती है, मगर छाछ की बात ही कुछ और है। खिच.डी सुबह खिच.डीखाने से पेट हल्का रहता है और वजन भी नहीं ब.ढता। आप खिच.डी में अपनी मनचाही मौसमी सब्जियां डाल कर उसे पका सकती हैं। इससे दिनभर ऊर्जा मिलती रहेगी। ओट्स जिनका वजन %यादा है उनके लिए ओटमील का सेवन वरदान साबित हो सकता है। ओटमील में सूखे मेवे डाल कर खाएं। ओट्स खाने से शरीर को खूब सारा फाइबर मिलता है और पेट भी लंबे समय तक भरा रहता है। ऐसे में आपको बार-बार खाने की जरूरत नहीं होगी। इससे आपका वजन कम हो जाएगा। पोहा पोहा कम समय में बनने वाला सबसे पौष्टिक स्नैक्स है। इसमें कैलोरी कम होती है और यह शरीर के लिए भी बहुत अ%छा माना जाता है। दलिया अगर आपको अपना वजन कम करना है तो दलिया खाएं। यह फाइबर और काबरेहाइड्रेट से भरा होता है। आप इससे कई तरह की रेसेपी भी बना सकती हैं। अपनी पसंद के अनुसार आप नमक या चीनी डालकर पसंदीदा नाश्ता बना सकती हैं।

# आपके गर्भ पर सिर्फ आपका अधिकार



आप अक्सर अखबार में प.डती होगीं कि किसी नवजात बच्ची का शव किसी स.डक किनारे मिला। दो ल.डकियां होने के कारण पति ने अपनी पत्नी का गर्भपात करवा दिया आदि। ऐसी खबरें प.ढकर आप सहज अंदाज लगा सकती हैं कि भारत में कन्या भ्रूण हत्या पर कितना अंकुश लग सका है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि कन्या भ्रूण हत्या केवल समाज के निचले तबके के लोग ही नहीं करते, बल्कि महानगरों के प.ढे-लिखे लोग भी करवाते हैं। प्री-नेटल डाइग्नोस्टिक तकनीक (पीएनडीटी) के अंतर्गत गर्भवती महिला की किसी भी तरह की शारीरिक जांच, बच्चे के जन्म से पूर्व उसके लिंग, बच्चे की विसंगतियां, जेनेटिक बीमारियां, भ्रूण की स्थिति, भ्रूण का लिंग, शारीरिक असामान्यता आदि या अन्य कोई भी ऐसी असाधारण बीमारी या विकलांगता जो बच्चे के जन्म से संबंधित हो, की जांच होती है। पर भारत में इस तकनीक का दुरुपयोग कई लोग जन्म से पहले भ्रूण का लिंग जानकर गर्भपात करवाने के लिए करते हैं। सरकार ने सबसे पहले प्री-नेटल डाइग्नोस्टिक तकनीक (पीएनडीटी) के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्री-नेटल डाइग्नोस्टिक तकनीक एक्ट 20 सितंबर, 1994 को बनाया गया। जिसे एक जनवरी, 1996 को लागू किया गया। इस एक्ट को बाद में संशोधित करके 14 फरवरी, 2003 को प्रभावी रूप से लागू किया गया। प्री नेटल डाइग्नोस्टिक तकनीक एक्ट के अंतर्गत कुछ नियम और शर्तें लागू की गई हैं- - क्लीनिक या नर्सिंग होम को हिंदी और अंग्रेजी में 'लिंग परीक्षण कानूनन अपराध है' और 'यहां लिंग परीक्षण नहीं होता' का बोर्ड लगाना आवश्यक है।

# 40 की उम्र के बाद महिलाएं ऐसे रखें अपनी सेहत का ख्याल

घर परिवार का ध्यान रखने के दौरान महिलाएं अपनी सेहत की ओर ध्यान नहीं देतीं, ऐसे में 50 की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते वे बिमारियों की गिरफ्त में आने आने लगती हैं। महिलाओं को सुबह शाम उठते बैठते जोड़ों और घुटनों में दर्द होने लगता है। महिलाओं में आर्थराइटिस (जोड़ों के दर्द) का कारण पोषक तत्वों की कमी और मोटापा है।

आम तौर पर महिलाएं इसे उम्र बढ़ने का संकेत मानकर नजरअंदाज कर देती हैं। ऐसे में विशेषज्ञ से विचारविमर्श करें। घुटनों में सुबह-सुबह दर्द, अकड़न, लॉकिंग एवं पॉपिंग से शुरुआत होने से लेकर जोड़ों में सूजन होने तक, यह आर्थराइटिस के संकेत हो सकते हैं जोकि एक प्रगतिशील ज्वाइंट स्थिति है और अधिकतर भारतीय महिलाएं इन संकेतों को नजरअंदाज करती हैं।

सही समय पर पहचान ः

महिलाएं तभी डॉक्टर के पास जाती हैं जब यह स्थिति ऐसे स्टेज में पहुंच जाती है जब दर्द असहनीय हो जाता है। याद रखें कि देरी होने से जोड़ों को होने वाला नुकसान कई गुणा बढ़ा सकता है। यदि इसका शुरुआती चरणों में इलाज हो जाए, तो पारंपरिक उपचारों की मदद से इस स्थिति को बढ़ने में विलंब किया जा सकता है।

वजन पर नजर ः

मोटापा बढ़न महिलाओं में जोड़ों की




बिमारी का बड़ा कारण है। हमारे जोड़ कुछ हद तक वजन उठाने के लिए डिजाइन हैं। प्रत्येक एक किलो अतिरिक्त वजन घुटनों पर चार गुना दबाव डाल सकता है। क्षमता से अधिक वजन जोड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है, इसलिए सही वजन का मतलब है स्वस्थ जोड़।

30 मिनट की वाक ः हर दिन 30 मिनट की वॉक हड्डियों एवं जोड़ों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हो सकती है।

छोटी-मोटी चोटों को गंभीरता से लें ः हम जोड़ों के आसपास लगी छोटी-मोटी चोटों को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं. इससे हानिकारक स्थितियां पैदा हो सकती हैं, जैसे भविष्य में आर्थराइटिस हो सकता है। यदि दर्द बार-बार हो रहा है तो विशेषज्ञ की सलाह लें। हम अक्सर ऐसे मरीजों को देखते हैं जहां ज्वाइंट इंजरी ज्वाइंट डिजनरेशन का कारण बन जाती हैं।

शरीर के पॉश्चर पर रखें नजर ः गलत पॉश्चर से जोड़ों, खासतौर से घुटने पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है. घुटने शरीर में सबसे अधिक भार सहन करने वाले जोड़ हैं. इससे घुटने में दर्द हो सकता है. सही पॉश्चर रखना, काम के दौरान बीच-बीच में ब्रेक लेना, नियमित रूप से स्ट्रेचिंग करना और अपने पॉश्चर को बीच-बीच में ठीक करने से घुटने के दर्द को कम करने में मदद मिलती है.

पेनकिलर्स का प्रयोग न करें ः हमारे देश में खुद से दवाएं लेना एक आम समस्या है. आमतौर पर, हम अक्सर शरीर में दर्द होने पर डॉक्टर से सलाह लिए बिना पेनकिलर्स का सहारा लेते हैं. पेनकिलर्स भले ही हमें दर्द से फौरन राहत दिलाते हैं पर, वह स्थिति का उपचार नहीं करते. इससे कई को-मॉर्बिड स्थितियां पैदा हो सकती हैं इसलिए यदि आप अपनी मॉम को जोड़ों के दर्द के लिए खुद से पेनकिलर्स लेते हुए देखें, तो फौरन ऑथोर्पेडिस्ट के पास जाकर उनका परीक्षण कराएं.



# इस प्रकार आप बेहतर बना सकती हैं रिश्ता

पति-पत्नी का रिश्ता सिर्फ प्यार और विश्वास पर भी टिका होता है लेकिन जहां प्यार है वहां थोड़ी-बहुत तकरार भी हो ही जाती है। जो आगे चलकर रिश्तों को और भी मजबूत बना देती है। पति-पत्नी का एक दूसरे पर पूरा हक होता है इसलिए कभी पति को गुस्सा आ भी जाए तो वह अपनी पत्नी पर निकालते हैं। इसके पीछे की खास वजह है आपके पति का आप पर पूरा भरोसा होना कि आप बिना कहे उनके मन का दर्द समझ लेंगी। ऑफिस, बिजनेस, पारिवारिक जिम्मेदारियों या फिर आपसे नाराजगी के कारण परेशान होना आम बात है। इन्हीं वजहों के कारण पति का बर्ताव गुस्सैल, चिढचिढ़ा और रूखा होने लगता है। जिसका रिश्ते पर बुरा असर पड़ता है। अगर यही नोकझोंक बढ जाए तो रिश्ता टूटने की कगार पर आ जाता है। हर दंपत्ति को कभी न कभी इस तरह के हालात से गुजरना पड़ता है। इसके लिए जरूरी है कि अपने जीवन साथी के इशारों को समझें। इन सबके पीछे की वजह जानें, इससे आप दोनों को नई राह जरूर मिल सकती है।

**पति को दें बात कहने का मौका**

सबसे पहले तो अपने पति को अपनी बात कहने का मौका दें ताकि वह बता सकें कि वह किन हालात में से गुजर रहे है। इससे उन्हें पता चलेगा कि आप उनकी भावनाओं को अच्छे से समझते है। इससे बात सुलझाने में भी आसानी होगी।

**अपना सुझाव भी रखें**

गुस्से की वजह जानने के बाद उनकी परेशानी में उनका साथ दें। उन्हें सुझाव दें कि कैसे वह इस हालात से खुद को बाहर निकाल सकते है। इसी समय ही आपका साथ रिश्ते की डोर को और भी मजबूत बनाएगा। अगर पति के गुस्से की वजह आप है तो उनसे माफी मागने से न हिचहिचाएं। अगर माफी से भी बात न बने तो पार्टनर के लिए सरप्राइज प्लान करें या फिर उनका मनपसंद खाना बनाएं। कोशिश करें कि आगे से ऐसे हालात पैदा ही न हो।

**कहें दिल की बात**

कई बार पति-पत्नी के बीच कुछ गलतफहमियां अपनी जगह बना लेती है। ऐसे हालात में पति के साथ खुलकर बात करें। पति को भी दें समय वयस्ता में अक्सर दंपत्ति एक-दूसरे को समय नहीं दे पाते। साथी को समय न दे पाना भी उनके गुस्सा होने की वजह हो सकता है। अक्सर ऐसा पत्नियों के साथ होता है। वह सारा समय परिवार और पर व्यतीत कर देती है पर पति को समय नहीं दे पाती, जिससे उनके बीच दूरियां पैदा हो जाती है। पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ पत्नी होने का फर्ज भी बखूबी निभाएं।

# मानसून के मौसम में इस प्रकार बेहतर रहेगी त्वचा


बारिश का मौसम करीब आ गया है। बारिश के मौसम में महिलाओं को अपनी त्वचा का विशेष ख्याल रखना होता है। बरसात के मौसम में कई तरह की त्वचा की समस्यायें हो जाती हैं। खुजली, जलन और लाल दाग बन जाना सामान्य समस्याएं हैं। ऐसे में त्वचा का विशेष ख्याल रखना होता है। अगर आप भी बरसात के मौसम में अपनी त्वचा को लेकर परेशान हैं तो ये उपाय अपनाएं।

साफ-सफाई का पूरा ख्याल रखेंः

बरसात के मौसम में ज्यादातर बीमारियां गंदगी की वजह से ही फैलती हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने हाथ, चेहरे और पैरों को समय-समय पर साफ करती रहें। कोशिश करें कि दिन में दो बार किसी अच्छे फेस वॉश से चेहरा साफ करें। आप चाहें तो वाटरप्रूफ क्लींजर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

टोनिंग करना भी रहेगा फायदेमंद

बरसात के मौसम में वातावरण में नमी ज्यादा रहती है। ऐसे में त्वचा के पोर्स भी बंद हो जाते हैं। इस वजह से अक्सर मुंहासे हो जाते हैं। आप चाहें तो कोई अच्छा एंटी-बैक्टीरियल टोनर भी इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर आप टोनर इस्तेमाल करने



से डरती हैं तो गुलाब जल का इस्तेमाल करना भी आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

मॉइश्चराइजेशन करना न भूलें

कई बार लोगों को लगता है कि बरसात में मॉइश्चराइजर लगाने से त्वचा चिपचिपी हो जाएगी लेकिन ऐसा नहीं है। बरसात में भी त्वचा को पोषण की जरूरत होती ही है। बरसात में बार-बार पानी से भींगने पर त्वचा ड्राई हो जाती है। इससे खुजली और रैशेज हो जाते हैं। ऐसे में मॉइश्चराइजर लगाना छोड़े नहीं। आप चाहें तो ऑयल-फ्री मॉइश्चराइजर का उपयोग कर सकती हैं।

ड्राई रहना बहुत जरूरी है

बरसात के मौसम में हम अक्सर गीले हो जाते हैं। ऐसे में संक्रमण का खतरा हमेशा बना रहता है। ऐसे में कोशि ?श करें कि आपकी त्वचा ज्यादा देर तक गीली न रहे।

5. बरसात की धूप से बचकर

बरसात के बाद जब धूप होती है तो बहुत ही तीखी होती है। धूप में निकलना हो तो बिना सनस्क्रीन लगाए नहीं निकलें. सनस्क्रीन से त्वचा अल्ट्रा वायलेट किरणों से सुरक्षित रहेगी।

## ये फैशन टिप्स जानती हैं आप

आजकल के जमाने में हर लड़की को कुछ फैशन टिप्स मालूम होनी चाहिये जिससे वह बेहतर तरीके से रह सके। अगर आप अपनी नई जींस को ऑल्टर के लिए दे रही हैं तो टेलर को देने से पहले दो बार जींस को वॉश कर लें, क्योंकि धोने के बाद ज्यादातर जींस सिकुड़ जाती है।

पुराने कपड़ों से किसी तरह की गंध आ रही है तो इसके लिए आप बोटल में पानी और वोडका को मिलाकर स्प्रे करें। ध्यान रखें बोटल में एक तिहाई वोडका डालें। अगर आपके पसंदीदा हैंडबैग पर तेल के दाग लग जाते हैं, तो इसके लिए आप तेल के स्पॉट के ऊपर बेबी पाउडर लगाकर रात भर के लिए छोड़ दें। सुबह तक, दाग गायब हो जाएगा। यदि थोड़ा सा दाग अभी भी रहता है, तब इसी प्रक्रिया को तब तक दोहराएं जब तक कि दाग पूरी तरह से नहीं चला जाता। डायमंड को हमेशा चमकदार बनाए रखने के लिए उसे लिक्विड डिश वॉश से किसी पुराने ब्रश की मदद से साफ करें।

अगर आपके पास कभी स्टोर में जींस ट्राई करने का टाइम नहीं है तो आप अपनी गर्दन से नापकर भी जींस खरीद सकते हैं। इसके लिए आप अपनी गर्दन के चारों ओर जींस की कमर रखें। यदि जींस की कमर आपके गले के पीछे आराम से मिलती है, तो आपकी जींस आपको फिट आएगी।

अगर आपके कपड़ो पर लिपस्टिक का दाग लग गया है तो इसे आप बहुत आराम से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए आपको लिपस्टिक के स्पॉट पर हेअर स्प्रे लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ना होगा। इसके बाद आप उस कपड़े को वॉश कर लें।




उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत में नेशनल विंडसर्फिंग चैंपियनशिप में ि हुआंगडाओ के दौरान प्रतिभा का प्रदर्शन करते प्रतिभागी।

## देश में ही तरणताल खुलने पर वापसी करेंगे वीरधवल



**नई दिल्ली।** भारत के एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता तैराक वीरधवल खाड़े ने कहा है कि देश में तरणताल खुलने तक वह अपने काम पर ध्यान लगाकर संतुष्ट हैं जिसने उन्हें मानसिक रूप से मजबूत रहने में सहायता की है। एशियाई खेल 2010 के कांस्य पदक विजेता इस तैराक ने दुबई में ओलंपिक के दावेदारों के लिए अभ्यास सत्र में भाग नहीं लेकर साफ कर दिया है कि वह अभी अपने काम पर भी ध्यान दे रहे हैं। इस तैराक का कहना है कि वह देश में ही तरणताल खुलने पर वापसी करेंगे। कोरोना महामारी के कारण मार्च से तरणताल बंद हैं। खाड़े ने कहा, अभी मैं संन्यास नहीं ले रहा हूं। भारत में जब भी पूल खुलेंगे तो मैं दोबारा अभ्यास शुरू करूंगा। मैं अब भी घर में वर्कआउट करके खुद को फिट रख रहा हूं। मैं इस तथ्य से खुश हूं कि मैं अपने काम और परिवार को अधिक समय दे पा रहा हूं और अपने आप को तैराकी के लिए तैयार भी रख पा रहा हूं।

# अगले माह होगी लंदन मैराथन



लंदन। कोरोना महामारी के कारण स्थगित हुई लंदन मैराथन का आयोजन अब चार अक्टूबर को होगा। आमतौर पर इस मैराथन का आयोजन अप्रैल में होता है। इसमें केवल शीर्ष धावक ही शामिल होंगे और वे दौड़ के दौरान आम लोगों से अलग रास्ते का उपयोग करेंगे। यह मैराथन पूर्वी लंदन में ग्रीनविच में शुरू करने की जगह सेंट जेम्स पार्क के जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में होगी। यहां दर्शकों को आने की अनुमति भी नहीं रहेगी। धावकों को 42.2 किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए इस पार्क का चक्कर लगाना होगा। यह दौड़ बकिंघम पैलेस के सामने पारंपरिक स्थान पर समाप्त होगी। इस मैराथन में भाग लेने वाले खिलाड़ी टोक्यो ओलंपिक और पैरालंपिक क्वालीफिकेशन के पात्र होंगे। टोक्यो ओलंपिक का आयोजन साल 2021 तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

एलियड किपचोगे और केनेनिसा बेकेले को पुरुषों की दौड़ में शामिल होने की उम्मीद है। वहीं महिलाओं के वर्ग में ब्रिगेड कोसगी शामिल होंगी। लंदन मैराथन के 'इवेंट डायरेक्टर% ह्यूग ब्रशर ने कहा है कि इस दौड़ को सुरक्षित बनाए रखने के लिए दर्शकों का प्रबंधन, आपातकालीन सेवाओं को सुनिश्चित करने के साथ ही नये मार्ग बनाने के इंतजाम हो रहे हैं।%

### लंबी बीमारी के बाद इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर डेविड कैपल का निधन

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर डेविड कैपल का 57 साल के बाद लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। कैपल को 2018 में ब्रेन ट्यूमर हुआ था। उन्होंने इंग्लैंड के लिए 15 टेस्ट मैचों में 374 रन, 23 वनडे मुकाबलों में 327 रन और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के 313 मुकाबलों में 12202 रन बनाए थे। प्रथम श्रेणी में उन्होंने 16 शतक और 72 अर्धशतक जड़े है। 1998 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वह 2006 में नॉर्थम्पटनशायर के मुख्य कोच बने। इसके अलावा कैपल बांग्लादेश की महिला टीम के मुख्य कोच भी बने और 2013 में उन्होंने इंग्लैंड महिला टीम के सहायक कोच की भूमिका अदा की। इस साल मई में उन्हें नॉर्थम्पटनशायर के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था।इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम हैरिसन ने कहा,कैपल के निधन की खबर चौंकाने वाली है और यह खबर इंग्लिश क्रिकेट के लिए काफी दुखभरी है। वह अपने समय के बेहतरीन ऑलराउंडर में से एक थे। मुझे उनके साथ खेलने का मौका मिला था। मैं उनकी दोस्ती को याद करूंगा।

## आईपीएल से खिलाड़ियों को अच्छे अवसर मिल रहे : गॉवर

**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान डेविड गॉवर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की जमकर सराहना करते हुए कहा है कि इससे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों को अभ्यास का अच्छा अवसर मिलता है। गॉवर ने कहा कि एकदिवसीय मैचों की शुरूआत के बाद से ही खेल का प्रारूप छोटा हो गया है। अब फील्डिंग का स्तर भी शानदार हो गया है। मेरा मानना है कि आईपीएल के पहले दिन की शुरूआत से ही टी-20 में बहुत बदलाव हुआ है, क्योंकि आईपीएल से उन खिलाडि़यों को भी अवसर मिला जिनका करियर



समाप्त होने की ओर था था पर अब इस खेल में युवा खिलाडि़यों की आवश्यकता है। मैं मानता हूं कि ये खिलाडि़यों को अच्छे अवसर उपलब्ध कराता है। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि आईपीएल से ही कोई महान नहीं बन सकता है पर इससे खिलाड़ियों को अच्छी कमाई हो रही है। आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी बहुत बड़ी राशि कमाते हैं। कई खिलाड़ी जो टेस्ट नहीं खेल सकते उनके लिए भी आईपीएल अच्छे अवसर उपलब्ध कराता है। वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड जैसे खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ टी-20 खिलाडि़यों में से एक हैं, पर वह टेस्ट क्रिकेट नहीं खेल सकते।

## केन विलियमसन और जिमी नीशम आईपीएल के लिए यूएई रवाना

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन और ऑलराउंडर जिमी नीशम ने गुरुवार को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग 2020 के लिए अपनी-अपनी टीमों में शामिल होने के लिए यूएई रवाना हुए। विलियमसन सनराइजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व करने वाले हैं, जबकि नीशम किंग्स इलेवन पंजाब के लिए मैदान में उतरने वाले है। आईपीएल 19 सितंबर से 10 नवंबर तक यूएई में आयोजित किया जाना है। कीवी कप्तान ने इंस्टाग्राम पर फ्लाइट में नीशम के साथ



अपनी एक तस्वीर साझा की और पोस्ट को कैप्शन दिया, थोड़ी देर में पहली यात्रा! ऑरेंज सेना के साथ जुडने् के लिए तत्पर। विलियमसन। वहीं न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ डेविड व्हाइट ने कहा है कि बोर्ड यूएई की स्थिति पर नजर रख रहा है। उन्होंने कहा कि बोर्ड बीसीसीआई के साथ भी लगातार संपर्क में है।इसी तरह, आईपीएल में हमारे 9 खिलाड़ी है, हम उन्हें लेकर भी सतर्क है।

### हैदराबाद एफसी ने आस्ट्रेलियाई फारवर्ड जोएल चियानीज से करार किया

**हैदराबाद।** इंडियन सुपर लीग की टीम हैदराबाद एफसी ने टूर्नामेंट के आगामी सत्र के लिए गुरूवार को आस्ट्रेलियाई फारवर्ड जोएल चियानीज से करार की घोषणा की। तीस साल का आस्ट्रेलियाई करार से पहले ए-लीग टीम पर्थ ग्लोरी के लिये खेल रहा था जो 2019-20 सत्र के हाल में समाप्त हुए प्लेआफ के सेमीफाइनल में पहुंची थी।चियानीज ने कहा, मैं हैदराबाद एफसी से जुड़ने के लिये काफी उत्साहित हूं। मैं टीम के साथियों से मिलने और क्लब में हर किसी के साथ काम करने को तैयार हूं। अभी तक मुझे जो सारे संदेश मिले हैं,वहां काफी सकारात्मक रहे हैं इसलिये मुझे महूसस हो रहा है कि मेरा अभी से ही स्वागत किया जा रहा है।
''

# रुपया 29 पैसे टूटकर 73.32 पर



**मुंबई।** रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 29 पैसे टूटकर 73.32 के स्तर पर आ गया। घरेलू शेयर बाजार में सुस्ती और अमेरिकी डॉलर की मजबूती के चलते रुपए पर दबाव देखने को मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया कमजोर रुख के साथ 73.23 पर खुला, और आगे गिरावट दर्ज करते हुए 73.32 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 29 पैसे की गिरावट को दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे गिरकर 73.03 के स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत बढ़कर 92.91 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मजबूत डॉलर और घरेलू शेयर बाजार में सुस्ती के चलते निवेशकों की भावनाएं कमजोर हुईं।

### वोडाफोन आईडिया में अमेरिकी कंपनी और अमेजन करेंगी बड़ा निवेश

**मुंबई।** अमेरिका की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी वेरिजोन कम्युनिकेशंस और ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन संकट का सामना कर रही वोडाफोन आइडिया में बड़ा निवेश करने की तैयारी में है। ये दोनों अमेरिकी कंपनियां वोडाफोन आइडिया में हिस्सेदारी खरीदने की योजना बना रही हैं और इसके लिए कंपनी से बातचीत जारी है। अगर यह डील हो जाती है तो भारत में वोडाफोन आइडिया को एक नई लाइफलाइन मिल जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक वेरिजोन कम्युनिकेशंस और अमेजन वोडाफोन आई ?डिया में 4 बिलियन (400 करोड़ डॉलर) का निवेश करने जा रही हैं। इस निवेश के बाद वोडाफोन आई ?डिया में वेरिजोन और अमेजन का शेयर लगभग 10 फीसदी हो जाएगा।

# हल्की बढ़त के साथ खुले बाजार

**- सेंसेक्स 39,098 और निफ्टी 1150 के स्तर पर**

मुंबई (ईएमएस)। वैश्विक संकेतों में नरमी के चलते घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को शुरुआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी की शुरुआत हल्की तेजी के साथ हुई है। सेंसेक्स में करीब 50 अंकों की तेजी देखने को मिल रही है। दिग्गज शेयरों के साथ ही मिडकैप शेयरों में भी खरीदारी देखने को मिल रही है। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.41 फीसदी की तेजी के साथ कारोबार कर रहा है। स्मॉलकैप शेयरों में भी खरीदारी नजर आ रही है। बीएसई का स्मॉलकैप इंडेक्स 0.55 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है।



तेल-गैस शेयरों में भी आज बढ़त नजर आ रही है। बीएसई का ऑयल एंड गैस इंडेक्स 0.35 फीसदी की तेजी के साथ कारोबार कर रहा है। बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स करीब 50 अंक की बढ़त के साथ 39,135 के आसपास कारोबार कर रहा है। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला प्रमुख इंडेक्स निफ्टी करीब 30 अंक की तेजी के साथ 11,565 के आसपास कारोबार कर रहा है। पिछले सत्र में सेंसेक्स 185.23 अंक बढ़कर 39,086.03 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 64.75 अंक चढ़कर 11,535 पर बंद हुआ। कारोबारियों ने बताया कि भारत-चीन सीमा तनाव को लेकर भी निवेशकों की भावनाएं कमजोर हुई हैं।



पुष्पांजली टुडे
शुक्रवार 4 सितम्बर 2020



ग्वालियर आए सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मीडियाकर्मियों से चर्चा में कहा

# हम निपटाने की नहीं विकास की राजनीति करते हैं- ज्योतिरादित्य सिंधिया

**ग्वालियर।** राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुरुवार को ग्वालियर आए। इस दौरान गुरुवार को सूफी संत मंसूर शाह बाबा के उर्स की परंपरा में शामिल होने आए भाजपा के राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मीडियाकर्मियों से बात की। इस दौरान पत्रकारों द्वारा कांग्रेस को निपटाने या कांग्रेस द्वारा सिंधिया को निपटाने के सवालों पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि उनकी पार्टी भाजपा की सोच जनता का विकास करता है। विकास योजनाएं लाना और उन्हें मूर्तरूप देना है जबकि कांग्रेस नेताओं की सोच नकारात्मक प्रतिक्रिया देना है। पत्रकारों से चर्चा में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि देश में कोरोना जैसी महामारी के बीच इस दौर में मोदी जी के नेतृत्व में इस संकट में देश में उन्होंने सुरक्षा का वातावरण तैनात किया। अस्पतालों में बिस्तर, प्लाजमा सहित अन्य सुविधाएं दिलवाई। उन्होंने कहा कि देश में एक ओर विकासधारी सोच है और दूसरी और नकारात्मकता वाली सोच है।



आने वाले समय में कमलनाथ के ग्वालियर आने पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कमलनाथ ग्वालियर आ रहे हैं तो हम अतिथि देवो भव-की परंपरा का पालन करेंगे, किसी को निपटाने का काम हमारा नहीं है। हम तो विकास के लिए काम करेगें, जैसा अब तक करते आ रहे हैं। हम तो अपने राष्ट्रीय नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री की तरह कोरोना महामारी, बाढ़ और दूसरी आपदाओं से निपट रहे हैं, और सभी बाधाओं के बावजूद जनता की सहूलियत और देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। पत्रकारों से चर्चा में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि वह और भाजपा के अन्य नेता ग्वालियर अंचल सहित प्रदेश के विकास के लिए सतत सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि ग्वालियर में प्रमुख मांग कि स्वर्ण रेखा नाले पर ऐलोवेटेट रोड बने। इस योजना के लिए 400 करोड़ रुपए की स्वीकृति होने जा रही है। साथ ही ग्वालियर-चंबल के विकास के लिए महत्वपूर्ण चंबल एक्सप्रेस- वे स्वीकृत हो चुका है जो अटल जी के नाम से होगा। इससे एक्सप्रेस-वे से पूरे अंचल को इससे लाभ होगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अन्य विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी इसी तरह से विकास योजनाएं मंजूर कराए जाने पर हमारा फोकस है। राज्यसभा सांसद सिंधिया ने बताया कि किस तरह वह केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के साथ मिलकर प्रदेश और ग्वालियर-चंबल अंचल के लिए करोड़ों की विकास परियोजनाएं ला रहे हें। उन्होने कहा कि हम जनता के लिए काम कर रहे हैं, और कांग्रेस सिर्फ राजनीति। कांग्रेस के चुनाव अभियान के लिए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का ग्वालियर-चंबल में स्वागत है। हमें पूरी उम्मीद है कि जनता को अंचल के विकास के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और हम सबका एकजुट प्रयास और समर्पण दिख रहा है, और चुनाव के बाद टीम कमलनाथ को जनता वापस भेज देगी। वाय रोड ग्वालियर आए ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ मुरैना से प्रदेश के मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर, एदल सिंह कंषाना, गिर्राज दंडौतिया, ग्वालियर से इमरती देवी सहित भाजपा जिलाध्यक्ष शहर कमल माखीजानी, ग्रामीण अध्यक्ष कौशल शर्मा सहित कई वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी व नेता मौजूद रहे।



## क्राईम ब्रांच ने चोरी के वाहन सहित वाहन चोर को किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक अमित सांघी द्वारा विगत दिनों क्राईम ब्रांच की ली गई बैठक मे जारी निर्देशों के परिपालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक ग्वालियर शहर-पश्चिम/अपराध श्री सत्येन्द्र सिंह तोमर द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को चोरों, लुटेरों एवं फरारी ईनामी बदमाशों की धरपकड़ हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के लिये निर्देशित किया गया था। उप पुलिस अधीक्षक, अपराध श्री रत्नेश तोमर के मार्गदर्शन में की जा रही कार्यवाही के दौरान आज दिनांक 03.09.2020 को सउनि राजकुमार राजावत को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना भितरवार ग्वालियर के अपराध क्रमांक 252/20 धारा 379 भादवि में संदेही आरोपी सूरज परिहार चोरी की मोटर सायकिल को बेचने की फिराक मे सिंधिया नगर में घूम रहा है। सउनि द्वारा उक्त सूचना से तत्काल प्रभारी क्राइम ब्रांच श्री विनोद शर्मा को अवगत कराते हुऐ प्रभारी क्राईम ब्रांच के नेतृत?व में थाना बल की टीम बनाकर मुखबिर के बताये स्थान की घेरा बंदी कर बदमाश को धरदबोचा। पुलिस पूछताछ मे बदमाश ने अपना नाम सूरज परिहार पिता लाईक राम परिहार उम्र 28 साल नि. सिंधिया नगर थाना विश्वविद्यालय बताया। उक्त बदमाश से सख?ती से पूछताछ पर उसके द्वारा मोटर साइकिल क्रमांक एमपी07-एनबी-7991 चोरी करना स्वीकार किया गया। जिसे वाहन चोर की निशादेही पर बरामद कर लिया गया है। उक्त आपराधिक प्रकरण थाना भितरवार का होने के कारण गिरफ्तार वाहन चोर को थाना भितरवार पुलिस के सुपुर्द किया गया। सराहनीय भूमिका - उक्त बदमाश को गिरफ्तार करने मे प्रभारी क्राईम ब्रांच उनि विनोद शर्मा, सउनि राजकुमार राजावत, प्रआर0 राजीव सोलंकी, आर0 रनवीर यादव, अंगद यादव, सतीश परिहार, रूपेश शर्मा, प्रमोद शर्मा एवं नवीन पाराशर की सराहनीय भूमिका रही है।

## पुलिस ने 05 हजार रूपये के ईनामी फरारी बदमाश को दबोचा

**ग्वालियर।** बहोडापुर पुलिस ने 05 हजार रूपये के ईनामी फरारी बदमाश को गिरफ्तारकिया है।पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी द्वारा चोरों एवं लुटेरों एवं फरारी ईनामी बदमाशों की धरपकड़ हेतु ग्वालियर जिले में चलाये जा रहे अभियान के दौरान अतिरिक?त पुलिस अधीक्षक(शहर-मध्य) श्री पंकज पाण्डे एवं नगर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार ने अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों को चोरों एवं लुटेरों की धरपकड़ हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के लिये निर्देशित किया वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के पालन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बहोड़ापुर के नेतृत?व मे थाना पुलिस बल की एक टीम बनाकर पुराने फरार आरोपियों की पतारसी हेतु लगायी गयी थी। आज दिनांक 03.09.2020 को थाना प्रभारी बहोडापुर निरी0 प्रशांत यादव को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुयीकि थाना बहोडापुर के अपराध क्रं 80/2018 धारा 302 ताहि में फरार आरोपी

## एंबुलेंस खंभे से टकराई चार घायल

**ग्वालियर।** शहर के पड़ाव थाना क्षेत्र में स्थित बस स्टैंड तिराहे के पास मरीज को लेकर आ रही एंबुलेंस खंभे से टकरा गई हादसे में 4 लोग घायल हो गए घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया है! जानकारी के अनुसार एक एंबुलेंस गोहद से आग से झुलसी एक महिला को इलाज के लिए ग्वालियर लेकर आ रही थी तभी पड़ाव थाना क्षेत्र में बस स्टैंड तिराहे के पास एंबुलेंस बेकाबू होकर खंभे से टकरा गई इस हादसे में 4 लोग घायल हो गए सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है!

## ट्रामा सेंटर में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा

**ग्वालियर।** जयारोग्य अस्पताल में स्थित ट्रॉमा सेंटर में भर्ती एक मरीज की इलाज के दौरान मौत हो जाने पर परिजनों ने हंगामा किया परिजन मृतक का शव बिना पीएम के लिए जाना चाहते थे ! मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव पीएम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार झांसी उत्तर प्रदेश निवासी राज कुमार 20 वर्ष सड़क हादसे में घायल हो गया था उसे इलाज के लिए यह जयारोग्य अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में 31 अगस्त को भर्ती कराया था! बीते रोज उसकी हालत खराब हुई तो उसका ऑपरेशन करना पड़ा आज सुबह उसकी मौत हो गई मरीज की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा मचा दिया और बिना पीएम के शव ले जाने लगे! तभी अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दे दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव पीएम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है!

## बेरोजगार युवाओं ने सिंधिया सहित मंत्रियों, पूर्व विधायकों के पुतलों को सड़क पर घसीटकर किया प्रदर्शन

**ग्वालियर।** प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिराने वाले 22 पूर्व विधायकों और उनके मुखिया सिंधिया के खिलाफ अब बेरोजगार युवाओं का गुस्सा सड़क पर फूटने लगा है। बुंदेलखंड के अलग अलग जिलों से ग्वालियर पहुंचे युवाओं ने सिंधिया सहित 22 पूर्व विधायकों के पुतले बनाकर उन्हें सड़क पर घसीटा। प्रदर्शन की जानकारी लगते ही पुलिस ने युवाओं के साथ बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया और पुतलों को जब्त कर लिया।शहर मे गुरुवार को बुंदेलखंड के निवाड़ी, छतरपुर, टीकमगढ़,पन्ना, सागर, दमोह सहित अन्य जिलों से अचानक आये बेरोजगार युवा फूलबाग मैदान में इकट्ठा हुए और उन्होंने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे बेरोजगार युवा सुनील सिंह राजपूत का कहना था कि ज्योतिरादित्य सिंधिया के



साथ 22 तत्कालीन विधायकों ने जिसमें तत्कालीन कांग्रेस सरकार के 6 मंत्री भी थे, कांग्रेस की सरकार गिराकर लोकतंत्र की हत्या की है। इसलिए हम नहीं चाहते कि 18 लाख मतदाता के वोट का अपमान करने वाले ये नेता फिर से चुनाव जीतें इसलिए भाजपा में आये सभी 25 पूर्व विधायकों को हराने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। युवाओं ने सिंधिया सहित सभी 22 पूर्व विधायकों के पुतलों को काले कपड़े पहनाए और आपस में बांधकर सड़क पर घसीटा। इन पुतलों में वर्तमान सरकार के मंत्रियों के पुतले भी शामिल थे। अर्धनग्न होकर चल रहे युवा फूलबाग चौराहे से रेलवे स्टेशन होते हुए गोले का मंदिर चौराहे की तरफ जा रहे थे। ये ग्वालियर चंबल संभाग सहित उन सभी सीटों पर प्रदर्शन की रण नीति बनाकर आये थे जहाँ के पूर्व विधायक कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए हैं। बिना किसी अनुमति और पूर्व सूचना के प्रदर्शन की जानकारी और पड़ाव पुल पर यातायात बाधित होने की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी सतेंद्र सिंह तोमर, पड़ाव थाने के टी आई और उनके फोर्स को लेकर प्रदर्शन रोकने पहुँच गए उन्होंने युवाओं से प्रदर्शन रोकने के लिए कहा तो वे नारेबाजी करने लगे जिसके बाद वहाँ मौजूद पुलिस फोर्स ने युवाओं के साथ बल प्रयोग करते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया और पुतलों को एक टेंपो में भरकर थाने भिजवा दिया।शहर मे यह प्रदर्शन उस समय हुआ जब राज्य सभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया शहर में थे।

पुष्पांजली जनकल्याण फाउंडेशन में
मध्यप्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर



मिथलेश हर्षिता गुर्जर
उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

BUNDELA DANCE ACADEMY & TRAINING CENTER

DANCE CATEGORY
BOLLYWOOD
FOLK, WESTERN
PUNJABI, ETC.

HEMANT SIR (HERRY)
DIRECTOR & CHOREOGRAPHER

EVENTS-
ANNUAL FUNCTION
LADIES SANGEET
& MORE EVENTS.

Bundeladanceacademy21@gmail.com

+91 76102 59356, 88785 58898

TANSEN NAGAR, NEAR RELIANCE TOWER, HAZIRA GWALIOR

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478